हिन्दी दैनिक

# अमर ख्याल

जुनून सच का

(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित

सूर्योदय : 06.26 बजे
सूर्यास्त : 05.34 बजे
शुक्रवार, 21 अक्टूबर 2022
वर्ष-2-अंक 304
मूल्य 2 पृष्ठ 8
e-mail: aknewstv2@gmail.com
RNI TITLE CODE : UPHIN49345



खास ख़बर

## खड़गे को 26 को निर्वाचन प्रमाणपत्र सौंपा जाएगा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को आगामी 26 अक्टूबर को पार्टी मुख्यालय में आधिकारिक रूप से निर्वाचन प्रमाणत्र सौंपा जाएगा और उसी दिन वह पदभार संभालेंगे। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने ट्वीट कर बताया, कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को निर्वाचन प्रमाणपत्र सौंपने का कार्यक्रम 26 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे पार्टी मुख्यालय में आयोजित होगा। वेणुगोपाल ने इस समारोह के लिए कांग्रेस कार्य समिति के सभी सदस्यों, प्रदेश इकाइयों के अध्यक्षों, विधायक दल के नेताओं, राज्य विधान परिषदों में पार्टी के नेताओं, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों, पार्टी के अग्रिम संगठनों एवं विभागों के प्रमुखों, सांसदों, पूर्व मुख्यमंत्रियों एवं पूर्व केंद्रीय मंत्रियों, राज्य सरकारों में पार्टी से सबंधित मंत्रियों, पूर्व प्रदेश अध्यक्षों, विधायक दल के पूर्व नेताओं और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्षों को आमंत्रित किया है।

## धर्मशाला अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव : 32 देशों की 80 फिल्में दिखाई जाएंगी

**धर्मशाला।** धर्मशाला अंतराष्ट्रीय फिल्म उत्सव के 11वें संस्करण में 32 देशों की 80 फिल्में दिखाई जाएंगी जिनमें 21 फीचर फिल्म, 16 फीचर डॉक्यूमेंटरी और 43 लघु फिल्में हैं। उत्सव का आयोजन तीन से छह नवंबर तक तिब्बेतियन इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्टस (टीपा) में किया जाएगा। उत्सव के मुख्य आकर्षण में कान ज्यूरी पुरस्कार विजेता पाकिस्तानी फिल्म जॉयलैंड का भारतीय प्रीमियर होगा जिसे सइम सादिक ने बनाया है। इसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य विक्रम सेनगुप्ता की तीसरी बांग्ला फीचर फिल्म वन्स अपॉन ए टाइम इन कलकत्ता , पार्थ सौरभ की पहली फिल्म पोखर के दूनु पार , रिंटू थॉमस और सुष्मिता सेन की राइटिंग विद फायर और अजीतपाल सिंह की फायर इन द माउंटेंस का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

## निर्मला सीतारमण ने भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की

**तिरूपति।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आंध्र प्रदेश के तिरुमला में स्थित भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में पूर्जा-अर्चना की। सीतारमण अपने परिवार के साथ यहां तीन दिन के दौरे पर परिवार के साथ पहुंची। यहां आने से पहले केंद्रीय मंत्री ने देवी पद्मावती और यहां से 70 किलोमीटर दूर कनिपक्कम में स्थित भगवान श्री वरसिद्धि विनायक स्वामी मंदिर में पूजा अर्चना की। पहाड़ी पर रात में ठहरने के बाद केंद्रीय मंत्री आज सुबह भगवान वेंकटेश्वर मंदिर पहुंची और वहां पूजा अर्चना की।

जरा हट के... बग्गा




# पीएम कल रोजगार मेले में 75,000 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से युवाओं को संबोधित भी करेंगे।**

**मंत्रालयों व विभागों को निर्देश थे कि वे मिशन मोड से 10 लाख भर्तियां करें**

■ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को 10 लाख कर्मियों के लिए नियुक्ति अभियान की शुरुआत करेंगे। इस अभियान को रोजगार मेले का नाम दिया गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री 75,000 नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उसके मुताबिक प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से युवाओं को संबोधित भी करेंगे।



पीएमओ ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने और नागरिकों का कल्याण सुनिश्चित करने की प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।प्रधानमंत्री ने इसी साल जून महीने में सरकार के विभिन्न मंत्रालयों व विभागों को निर्देश दिया था कि वे मिशन मोड से 10 लाख पदों पर भर्तियां करें।

पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश के मुताबिक सभी मंत्रालय व विभाग स्वीकृत पदों के बरक्स मौजूदा रिक्तियों को भरने की दिशा में मिशन मोड में काम कर रहे हैं। जिन युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा, उनमें देश भर के युवा शामिल हैं। ए भारत सरकार के 38 विभागों और मंत्रालयों में समूह ए (राजपत्रित), समूह बी (गैर-राजपत्रित) और समूह सी में नियुक्त किए जाएंगे। इनके अलावा जिन पदों पर नियुक्तियां की जा रही हैं, उनमें केंद्रीय सशस्त्र बल कार्मिक, उप निरीक्षक, कांस्टेबल, एलडीसी, स्टेनो, पीए, आयकर निरीक्षक, एमटीएस आदि शामिल हैं।पीएमओ ने कहा कि इन नियुक्तियों को मंत्रालयों व विभागों द्वारा खुद से या नियुक्ति एजेंसियों के माध्यम से मिशन मोड में किया जा रहा है। इन एजेंसियों में संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग और रेलवे भर्ती बोर्ड शामिल है।पीएमओ ने बताया कि तेज गति से नियुक्ति के लिए चयन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और प्रौद्योगिकी से लैस किया गया है।

## नफरत फैलाने वाले भाषणों के खिलाफ याचिका पर केंद्र, राज्यों से सुप्रीम कोर्ट का जवाब तलब

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषणों पर रोक लगाने के लिए उचित कदम उठाए जाने के निर्देश दिए जाने की मांग कर रही याचिका पर केंद्र और राज्यों से जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति सीटी रवि कुमार की पीठ ने एक अन्य पीठ के समक्ष लंबित ऐसी ही याचिकाओं के साथ इसे भी नत्थी करते हुए केंद्र और सभी राज्यों को नोटिस जारी किए। याचिकाकर्ता शाहीन अब्दुल्ला ने केंद्र और राज्य सरकारों को देशभर में नफरत फैलाने वाले अपराधों और भड़काऊ भाषणों की घटनाओं की स्वतंत्र, विश्वसनीय और निष्पक्ष जांच शुरू करने का निर्देश देने की मांग को लेकर शीर्ष अदालत का रुख किया है।याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने शुरुआत में दलील दी कि इस समस्या से निपटने के लिए कुछ किए जाने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि नफरत फैलाने वाले भाषण देने या ऐसे अपराधों में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्वाई की जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि याचिका में किया गया अनुरोध बहुत अस्पष्ट है और इसमें किसी विशेष उदाहरण का उल्लेख नहीं किया गया है। न्यायालय ने कहा कि जहां किसी मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है, वहां संज्ञान लिया जा सकता है।

# ब्रिटिश पीएम लिज ट्रस को महज 45 दिन में देना पड़ा इस्तीफा

एजेंसी ■ लंदन



ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने कंजरवेटिव पार्टी में अपने नेतृत्व के खिलाफ खुली बगावत के बाद बृहस्पतिवार को पार्टी नेता के पद से इस्तीफे की घोषणा की। ट्रस ने कहा कि वह पिछले महीने उन्हें मिले जनादेश का पालन नहीं कर पा रहीं और इस तरह केवल 45 दिन में लंदन स्थित 10 डानिंग स्ट्रीट में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया।

निवर्तमान प्रधानमंत्री ट्रस (47) टोरी पार्टी द्वारा उनके उत्तराधिकारी का चुनाव होने तक कामकाज देखती रहेंगी। कंजरवेटिव पार्टी के नेता का चुनाव अगले सप्ताह तक पूरा किया जा सकता है। ट्रस के साथ चुनाव में उनके प्रतिद्वंद्वी रहे रिषी सुनक को अब प्रधानमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है लेकिन आपस में बंटी हुई टोरी पार्टी में अभी तक इस लिहाज से आम सहमति नहीं बनी है। विपक्षी लेबर पार्टी ने तत्काल आम चुनाव कराने की अपनी मांग दोहराई है।

10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर अपने संक्षिप्त बयान में ट्रस ने कहा, मैं मानती हूं कि मैं हालात को देखते हुए उस जनादेश का पालन नहीं कर सकी जिस पर कंजरवेटिव पार्टी ने मुझे चुना था।

ट्रस ने कहा कि उन्होंने महाराजा चार्ल्स तृतीय को अपने इस्तीफे के बारे में बताया है और टोरी नेतृत्व चुनाव के प्रभारी 1922 समिति के अध्यक्ष सर ग्राहम ब्रेडी से भी मुलाकात की है। उन्होंने कहा, हम इस बात के लिए सहमत हो गए हैं कि अगले सप्ताह तक नेतृत्व का चुनाव पूरा किया जाना है। इससे सुनिश्चित होगा कि हम अपनी वित्तीय योजनाओं को पूरा करने के मार्ग पर चलें और अपने देश की आर्थिक स्थिरता एवं राष्ट्रीय सुरक्षा को बनाकर रखें। मैं तब तक प्रधानमंत्री रहूंगी जब तक उत्तराधिकारी का चुनाव नहीं हो जाता।

अपने पति के साथ 10 डाउनिंग स्ट्रीट से निकल रहीं ट्रस ने कहा कि उन्होंने अत्यधिक अस्थिरता के दौर में पद संभाला था लेकिन अंततः उन्होंने माना कि वह अपने आर्थिक एजेंडा को पूरा करने के मिशन में विफल रहीं। ट्रस ब्रिटेन की तीसरी महिला प्रधानमंत्री बनी थीं। उनसे पहले मारग्रेट थेचर और थेरेसा मे इस पद पर रह चुकी हैं।

सुनक को कंजरवेटिव पार्टी के नेता की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है लेकिन पार्टी के अंदर खींचतान की वजह से तस्वीर अभी साफ नहीं है।

पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के करीबी लोगों का कहना है कि 2019 के आम चुनाव में उन्हें मिले जबरदस्त जनादेश को देखते हुए पार्टी को उन्हें वापस लाना चाहिए। हालांकि, ट्रस की मौजूदा परेशानी इस बात की याद दिलाती है कि किस तरह जॉनसन को उनकी पार्टी के सांसदों और मंत्रियों की खुली बगावत के बीच जुलाई में पद छोड़ने और इस्तीफा देने को मजबूर होना पड़ा था।एक दिन पहले ही सुएला ब्रेवरमैन ने ट्रस की कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।

## गेमिंग ऐप धोखाधड़ी में ईडी ने बिटकॉइन, नकदी जब्त की

■ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकाता के एक मोबाइल गेमिंग ऐप के प्रवर्तक के खिलाफ कई लोगों से धोखाधड़ी के आरोप में धन शोधन जांच के तहत 7.12 करोड़ रुपए मूल्य के बिटकॉइन और 1.65 करोड़ रुपए नकदी जब्त की है। ई-नगेट्स नामक ऐप और इसके प्रवर्तक आमिर खान के खिलाफ यह कार्वाई की गई है। जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा, ईडी ने कोलकाता में दो परिसरों में एक तलाशी अभियान चलाया, जिसमें 1.65 करोड़ रुपए नकदी और 44.5 बिटकॉइन (बाजार विनिमय दरों के अनुसार 7.12 करोड़ रुपए के बराबर) और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया। ईडी ने पिछले महीने कोलकाता में ऐप की कंपनी और खान तथा उनके पिता नसर अहमद खान के परिसरों पर छापा मारा था और अतीत में बिटकॉइन और कुछ बैंक जमा रकम को जब्त करने के अलावा वहां से 17.32 करोड़ रुपए नकदी जब्त की थी। ताजा कार्वाई के साथ इस मामले में जब्ती की कुल राशि 51.16 करोड़ रुपए है। एजेंसी ने कहा कि गेमर्स के कोष का धन शोधन करने के लिए 300 खातों का इस्तेमाल किया गया। आमिर खान को कोलकाता पुलिस के खुफिया विभाग ने पिछले महीने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से गिरफ्तार किया था। धन शोधन का मामला फरवरी 2021 में कंपनी और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ कोलकाता पुलिस द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी पर आधारित है। कोलकाता की एक अदालत के समक्ष फेडरल बैंक के अधिकारियों द्वारा दायर एक शिकायत के आधार पर पार्क स्ट्रीट पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।ईडी ने पाया कि आमिर खान ने गेमिंग एप्लिकेशन ई-नगेट्स शुरू किया, जिसे लोगों को धोखा देने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। ईडी ने कहा, लोगों से बड़ी मात्रा में धन एकत्र करने के बाद उक्त ऐप से अचानक किसी न किसी बहाने से निकासी रोक दी गई थी। इसके बाद प्रोफाइल जानकारी सहित सभी डेटा को उक्त ऐप सर्वर से मिटा दिया गया था।

## सीबीआई ने इंटरपोल महासभा के दौरान द्विपक्षीय बैठकें कीं

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने अपराधों से जुड़ी खुफिया जानकारी साझा करने की प्रणाली को मजबूत करने, भगोडों का पता लगाने, आतंकवाद के लिए वित्त पोषण को रोकने और बाल उत्पीड़न पर लगाम लगाने के लिए इंटरपोल की 90वीं महासभा में शामिल देशों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें कीं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इंटरपोल की चार दिवसीय महासभा का आयोजन यहां हो रहा है। यह महासभा 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक चलेगी। सीबीआई के प्रतिनिधिमंडल ने ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, ऑस्ट्रिया, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, जापान, भूटान, नामीबिया, बहरीन, रूस, कनाडा, ओमान, सर्बिया, मलेशिया और मंगोलिया समेत कम से कम 20 देशों के प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय स्तर की बैठक की।

टीम ने पुलिस संबंधी मामलों में सहयोग को बढ़ावा देने को लेकर यूरोपोल के अधिकारियों से भी मुलाकात की।

## अमित शाह ने एमसीडी चुनाव से पहले लोगों से कहा : आप निर्भर और आत्मनिर्भर में से चुनें

■ नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल नीत आम आदमी पार्टी (आप) चाहती है कि दिल्ली आप निर्भर हो जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चाहती है कि राष्ट्रीय राजधानी आत्मनिर्भर हो।

उन्होंने लोगों से दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में इन दोनों में से एक का चयन करने का आह्वान किया।

शाह ने यहां तेहखंड में कचरे से बिजली बनाने के संयंत्र (डब्ल्यूटीई) का उद्घाटन करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार ने पूर्व के तीन नगर निकायों के साथ सौतेला व्यवहार किया।

उन्होंने दावा किया कि केजरीवाल सरकार पर इन तीनों निकायों के 40 हजार करोड़ रुपए बकाया हैं। अब पूर्वी, उत्तरी और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम को मिलाकर एक कर दिया गया है।केंद्रीय गृह मंत्री ने दक्षिणी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कहा, वे (केजरीवाल नीत पार्टी) चाहते हैं कि दिल्ली आप निर्भर बने। हम चाहते हैं कि यह आत्मनिर्भर बने।

## जयललिता की मौत की जांच में पेशेवर दृष्टिकोण की कमी

**कोयंबटूर (तमिलनाडु)।** पत्तली मक्कल काची (पीएमके) के अध्यक्ष अंबुमणि रामदास ने आरोप लगाया कि तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता के मौत के मामले में अरुमुगस्वामी आयोग द्वारा की गई जांच पेशेवर नहीं है और इसका उपयोग सिर्फ राजनीतिक हित साधने में किया जा सकता है। अवकाश प्राप्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए. अरुमुगस्वामी की रिपोर्ट में जानकारी नहीं है। जयललिता की मौत की जांच के लिए गठित आयोग ने जांच के मामले में पूछताछ के लिए वी. के. शशिकला सहित तीन लोगों को मंगलवार को पूछताछ के लिए बुलाया।

## सीएम रहते रुपए की चिंता करते थे पीएम, अब हृदय परिवर्तन क्यों : कांग्रेस

एजेंसी ■ नई दिल्ली

कांग्रेस ने डॉलर के मुकाबले रुपए में रिकॉर्ड गिरावट को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और सवाल किया कि गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रुपए की चिंता करते थे, लेकिन अब उनका हृदय परिवर्तन क्यों हो गया है। पार्टी ने ट्वीट किया, पहले रुपए को लेकर जो मुख्यमंत्री मोदी की चिंता थी, वो 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद बंद हो गई है। देश पूछ रहा है, मोदी जी ए हृदय परिवर्तन क्यों?

कांग्रेस प्रवक्ता अंशुल अविजित ने संवाददाताओं से कहा, आज रुपया 83.12 के स्तर तक गिर चुका है। यह गिरावट ऐतिहासिक है। अगर तुलनात्मक देखा जाए तो मई 2014 तक संप्रग सरकार के दौरान रुपया 58.04 तक था।

उनका कहना था कि रुपए की गिरावट का असर आयात पर भी पड़ता है, जिससे महंगाई बढ़ती है।

उन्होंने दावा किया, जितनी भी रेटिंग एजेंसियां हैं, सबने अगले वित्त वर्ष के अनुमान में भारी कटौती की है। ए अविश्वास का माहौल है, इसका सीधा असर रूपए पर है।

## भाजपा अपना घर संभाले, कांग्रेस की पंचायती न करे: गहलोत

■ जयपुर

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सलाह दी कि वह कांग्रेस की पंचायती करने के बजाय अपना घर संभाले। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा नेताओं पर नई पीढ़ी को गुमराह करने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्धन राठौड़ द्वारा कांग्रेस पार्टी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को रबर स्टांप करार दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर गहलोत ने यहां संवाददाताओं से कहा, भाजपा से कहें अपना घर संभाले, पंचायती करना छोड़ दें। वे कांग्रेस की ज्यादा पंचायती नहीं करें। उनकी इतनी हैसियत नहीं है कि वे पंचायती करने के लायक हैं। गहलोत ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि उसके नेताओं ने जहां अंग्रेजों की मुखबिरी की, वहीं कांग्रेस का बलिदान का इतिहास आजादी से पहले का है। गहलोत ने कहा, इन्होंने आजादी की जंग में मुखबिरी की है... आरएसएस और भाजपा के पहले के कई लोग ऐसे थे जो उस जमाने में अंग्रेजों की मुखबिरी करते थे।

## किसी और के हित के लिए गांगुली का नुकसान : ममता

एजेंसी ■ कोलकाता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) प्रमुख पद के लिए पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली का नामांकन नहीं करके उन्हें इस प्रक्रिया से वंचित करने का आरोप लगाया। उन्होंने इसे शर्मनाक राजनीतिक प्रतिशोध की कार्वाई करार दिया। बनर्जी ने कहा कि अगर प्रसिद्ध क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर या मोहम्मद अजहरुद्दीन को भी इस तरह वंचित रखा जाता तब भी वह यही बात कहतीं। गांगुली को किसी और के हितों को सुरक्षित रखने के लिए चुनाव लड़ने तक का मौका नहीं दिया गया।उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, उन्हें आईसीसी में क्यों नहीं भेजा गया? यह किसी और के हितों को (क्रिकेट बोर्ड में) साधने के लिए किया गया। उन्होंने पद खाली रखा ताकि कोई और चुनाव लड़ सके। मैंने अनेक भाजपा नेताओं से बात की, लेकिन उनका नाम नहीं भेजा गया। उन्हें वंचित किया गया है। यह शर्मनाक राजनीतिक प्रतिशोध का मामला है। तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने इस सप्ताह की शुरुआत में गांगुली को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) के अध्यक्ष के रूप में दूसरा कार्यकाल नहीं मिलने पर हैरानी जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले में हस्तक्षेप का अनुरोध किया था ताकि गांगुली को आईसीसी प्रमुख के पद के लिए चुनाव लड़ने की अनुमति मिल जाए। भाजपा अपने स्वार्थ पूर्ण मकसद के लिए उन लोगों को वंचित कर रही है जिन्होंने देश को सम्मान दिलाया। 90 के दशक की शुरुआत में केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रह चुकीं बनर्जी ने पूछा कि गांगुली को बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में दूसरा कार्यकाल क्यों नहीं दिया गया।

राजनीति | राजनीतिक रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर का बड़ा खुलासा

# नीतीश भाजपा के साथ फिर से जुड़ सकते हैं : प्रशांत किशोर

एजेंसी ■ पटना



राजनीतिक रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जो उनके पूर्व संरक्षक थे, पर एक नया तंज कसते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि नीतीश महागठबंधन को छोड़ भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में वापसी कर सकते हैं। किशोर ने इसके पहले नीतीश के बारे में दावा किया था, जब आपने राजग छोड़ दिया है तो उस पद को क्यों नहीं छोड़ रहे हैं। उस पद को छोड़िए या उस सांसद को हटाइए। किशोर का इशारा जदयू सांसद व राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह की ओर था। उन्होंने कहा, राज्यसभा में विधेयक पास कराने के लिए अपने दल का व्यक्ति लगाए हुए हैं और बिहार में महागठबंधन बनाकर प्रदेश की जनता को फिर से ठगने का प्रयास कर रहे हैं। किशोर ने बुधवार को पश्चिम चंपारण जिले में, जहां वह राज्यव्यापी पदयात्रा के तहत तीन सप्ताह से हैं, एक जनसभा में यह आरोप लगाया था। संभावना जताई जा रही है कि इस पदयात्रा के बाद किशोर एक राजनीतिक दल का गठन कर सकते हैं। चुनावी रणनीतिकार ने पीटीआई-भाषा से यह भी कहा था कि कुमार ने हरिवंश के माध्यम से भाजपा के साथ संवाद का रास्ता खुला रखा है। उन्होंने कहा, भाजपा से नाता तोड़ने के बाद नीतीश कुमार को हरिवंश को पद छोड़ने के लिए कहना चाहिए था। अगर वह इस पद पर बने रहते तो उन्हें जदयू से निष्कासित किया जा सकता था। पर नीतीश ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए विकल्प खुला रखा है।

हाल के दिनों में कई बार नीतीश पर प्रहार कर चुके किशोर ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री ने वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने के नाम पर वोट मांगे थे, लेकिन दो साल बाद जनता को धोखा दिया। उन्होंने कहा कि वह आज फिर भाजपा के साथ लड़ाई का नाटक कर रहे हैं, वह फिर से पलट सकते हैं। नरेंद्र मोदी, जगन मोहन रेड्डी और कैप्टन अमरिंदर सिंह जैसे दिग्गज नेताओं के कई सफल चुनाव अभियान को संभाल चुके किशोर ने पिछले साल पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद राजनीतिक परामर्श से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा की थी। किशोर ने नीतीश पर अपना प्रहार जारी रखते हुए कहा कि वे मुझपर भाजपा का कठपुतली होने का आरोप लगा रहे हैं, पर पिछले साल विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने में ममता बनर्जी की सहायता करने के लिए कौन गया था?

## कोशिश करें तो हादसे कम हो सकते हैं

एनएचएआई ने एक परिपत्र में कहा है कि प्राधिकरण ने यात्रियों का जीवन जोखिम में डालने वाली लापरवाही को गंभीरता से लिया है। प्राधिकरण के संज्ञान में आया है कि सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित किये बिना ही अंतिम प्रमाण पत्र जारी किये गये हैं। इन उपायों को लंबित कार्यों की एक श्रेणी के तहत पंच सूची में शामिल कर लिया जाता है। जिसके चलते जहां यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ती है, वहीं एनएचएआई की प्रतिष्ठा पर आंच आती है। प्राधिकरण ने यह सुनिश्चित करने को कहा है कि पूर्णता का प्रमाणपत्र जारी करने से पहले सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी कार्य पूर्ण कर लिये जाएं। ऐसे में घटिया सड़क या इंजीनियरिंग कार्यों के चलते हुई किसी भी घातक दुर्घटना के लिये क्षेत्रीय अधिकारी, परियोजना निदेशक व स्वतंत्र अभियंता की जवाबदेही होगी।भारत में सार्वजनिक निर्माण में प्रशासन व ठेकेदार कामचलाऊ रवैया अपनाते हैं। जिसकी कीमत कई लोगों को जान देकर चुकानी पड़ती है। वक्त आ गया है कि भ्रष्टाचार करने व लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार लोगों को किसी भी कीमत पर न बख्शा जाये। हम पश्चिमी देशों की जीवन शैली का तो अनुकरण करते हैं लेकिन सार्वजनिक निर्माण की गुणवत्ता के उच्च मानकों को नहीं अपनाते। वहां न्यायपालिका की सक्रियता के चलते लगने वाले बड़े जुर्माने भी निर्माण की पारदर्शिता को बनाये रखने में सहायक होते हैं जिसके चलते सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन किया जाता है। इन्हीं वजहों से विकसित देशों में प्रति व्यक्ति अधिक वाहन होने के बावजूद वहां दुर्घटना का प्रतिशत कम होता है। दुख की बात यह है कि भारत में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों में बड़ा प्रतिशत कामकाजी युवाओं का होता है, जो देश व परिवार की बड़ी क्षति होती है।

**एनएचएआई ने एक परिपत्र में कहा है कि प्राधिकरण ने यात्रियों का जीवन जोखिम में डालने वाली लापरवाही को गंभीरता से लिया है। प्राधिकरण के संज्ञान में आया है कि सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित किये बिना ही अंतिम प्रमाण पत्र जारी किये गये हैं। इन उपायों को लंबित कार्यों की एक श्रेणी के तहत पंच सूची में शामिल कर लिया जाता है।**

**वैदिक विचार** —स्वामी विद्यानंद 'विदेह'

### सर्व मित्र

*हते दृंह मित्रस्य मा चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम्।*
*मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे। मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे।*

*य 36.18*

दुर्बलता सबसे बड़ा पाप है। दुर्बल का जग वैरी। दुर्बल पर रोग प्रहार करते हैं, अत्याचारी अत्याचार करते हैं। दुर्बल की श्री और लक्ष्मी का अपहरण होता है। दुर्बल की संपदा विनष्ट होती है। दुर्बल का मित्रताप्रस्ताव उसकी कायरता समझा जाता है। दुर्बल की अहिंसा उसकी नपुंसकता मानी जाती है। दुर्बल रहते हुए यह आशा करना कि संसार हमें मित्र की दृष्टि से देखे दुराशामात्र है। दुर्बल से कोई मित्रता क्यों करे? मित्र कहते हैं स्नेह और मान करने वाले को। केवल स्नेह करने का नाम मित्रता नहीं है। स्नेह के साथ रक्षा करना भी मित्र का धर्म है। दुर्बल स्नेह भले ही करे, रक्षा नहीं कर सकता। इसका एक दूसरा पक्ष भी है। वज्र को कोई ठोकर नहीं मारता, धूलि को सब ठुकराते हैं। प्रबल से सब घबराते हैं और उसकी मित्रता की आकांक्षा करते हैं। मैं वेदानुयायी आर्य हूं। बलवान् बनकर दुर्बलों को सताना आर्यत्व नहीं, दस्युता है, असुरता है। सशक्त होकर मैं न्यायनियन्ता बनूं। मैं प्राणिमात्र की सेवा करूं तथा अन्याय, अत्याचार और दुःख से उनकी रक्षा करूं। मेरे स्नेह और रक्षण से, प्रेम और सेवा से निर्भय और प्रीतिमान् होकर सब प्राणी मुझे मित्र की दृष्टि से देखें। मैं भी सब प्राणियों को मित्र की दृष्टि से देखूं।

**आज का विचार** —डॉ. विनोद दीक्षित

### वासना का जंग

भगवान तो सदा ही हम लोगों को दर्शन देना चाहते हैं फिर भी हमें दर्शन क्यों नहीं होते इसका कारण यह है कि हमारे मन में कालुष्य का प्रभाव है। जैसे चुंबक सदा लोहे को आकर्षित करता है परंतु लोहा यदि जंग से परिपूर्ण हो तो है चुंबक से नहीं मिल सकता है इसमें चुंबक का कोई दोस्त नहीं है। जब लोहे का जंग साफ कर देंगे तो वह चुंबक से मिल जाएगा। इसी प्रकार करुणा वरुणालय भगवान तो हमारे पास नित्य ही हमें पुकारते हैं पर हम उनसे इसलिए नहीं मिल सकते क्योंकि हम चारों और से वासनाओं की जंग से ढके हुए हैं। इस वासना के मल को हटा देने पर जैसे लोहा चुंबक के पास चला जाता है वैसे ही हमारा भी भगवान के साथ मिलन हो जाएगा।
आज का दिन आपके लिए मंगलमय एवं कल्याणकारी हो।
जय श्री राधे।

**पत्र मिला**

### ब्रिटेन के ऐसे दिन!

**ब्रिटेन** के महंगाई ने कई महिलाओं को देह बेचने पर मजबूर किया है। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ब्रिटेन में वेतन में बढ़त से ज्यादा वृद्धि भोजन और ऊर्जा की कीमतों में हुई है।ऐसी खबरें पहले तीसरी दुनिया के गरीब देशों के बारे में आती थीं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय मीडिया में इस तरह की खबर उस देश के बारे में आएगी, जिसके साम्राज्य में कभी सूरज नहीं डूबता था, यह बात कम से अभी तक की पीढ़ियों ने तो नहीं सोचा था। आज भी ब्रिटेन को दुनिया के सबसे धनी देशों में गिना जाता है। वह सबसे धनी देशों के संगठन जी-7 का सदस्य है। लेकिन इस खबर पर गौर कीजिए। खबर यह है कि ब्रिटेन के महंगाई के कारण पैदा हुए जीवन-यापन के संकट ने कई महिलाओं को देह बेचने पर मजबूर किया है। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ब्रिटेन में वेतन में बढ़त से ज्यादा वृद्धि भोजन और ऊर्जा की कीमतों में हुई है। **नंद किशोर सक्सेना, अलीगढ़**

समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र नई दिल्ली होगा। प्रकाशित सामग्री या विज्ञापन से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्रवाई या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है।

# वांग हूनिंग को बड़ी भूमिका देने का मकसद

**यों, शी चिनफिंग चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव, सत्ता को नियंत्रित करनेवाली सात सदस्यीय स्टैंडिंग कमेटी के प्रमुख बने रहेंगे। बुधवार को शी ने कहा, 'हमें बेहतर बाहुबल और सैद्धांतिक रूप से सुदृढ़ चेहरा चाहिए, जो चीनी विशेषताओं से लैस दर्शन और अत्याधुनिक समाज विज्ञान को तेज़ी से आगे बढ़ा सके।'**



**पुष्परंजन**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

सितंबर 2017 की बात है, शांघाई की फूदान यूनिवर्सिटी में इंस्टीच्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज़ के डीन, प्रोफेसर वू शिनपो से मेरी अनौपचारिक बातचीत हो रही थी। उनसे मेरा यही सवाल था कि पर्दे के पीछे से देश को सैद्धांतिक व वैचारिक दिशा कौन दे रहा है? प्रोफेसर वू शिनपो ने उलटा मुझसे यह सवाल कर दिया, वांग हूनिंग को जानते हैं आप? उस समय वास्तव में उस नाम से मैं अनभिज्ञ था। आज चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं कांग्रेस जब अपने उरूज़ पर है, प्रोफेसर वू शिनपो बार-बार याद आ रहे हैं। सीपीसी की 20वीं कांग्रेस की सबसे बड़ी ख़बर यह है कि वांग हूनिंग, राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बाद दूसरे शिखर नेता बना दिये गये हैं। 2300 डेलीगेट्स की उपस्थिति में वांग के महामस्तकाभिषेक पर हर व्यक्ति हैरान है।

यों, शी चिनफिंग चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव, सत्ता को नियंत्रित करनेवाली सात सदस्यीय स्टैंडिंग कमेटी के प्रमुख बने रहेंगे। बुधवार को शी ने कहा, 'हमें बेहतर बाहुबल और सैद्धांतिक रूप से सुदृढ़ चेहरा चाहिए, जो चीनी विशेषताओं से लैस दर्शन और अत्याधुनिक समाज विज्ञान को तेज़ी से आगे बढ़ा सके।' राष्टपति शी का इशारा वांग की तरफ़ था। वांग हूनिंग 1989 से 94 तक शांघाई की फूदान यूनिवर्सिटी में इंस्टीच्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज़ के डायरेक्टर रहे, फिर वहीं के लॉ स्कूल में 1995 तक डीन का ओहदा संभाला। अकादमिक दुनिया से राजनीति में कदम रखने वाले वांग हूनिंग चीन के तीन शासन प्रमुखों चियांग ज़ेमिन, हू चिन्थाओ और शी चिनफिंग के मुख्य सैद्धांतिक सलाहकार रह चुके हैं।

प्रोफेसर वांग हूनिंग को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की नीतियां निर्धारित करने वाले सेंट्रल पॉलिसी रिसर्च ऑफिस में लाने का श्रेय चियांग ज़ेमिन को जाता है। 1981 में सेंट्रल पॉलिसी रिसर्च ऑफिस की स्थापना हुई थी, जिसका काम नौ करोड़ 20 लाख सदस्यों को वैचारिक रूप से अपडेट करते रहने से लेकर उनपर नज़र रखने का भी रहा है। 1995 में चियांग ज़ेमिन सीपीसी के जनरल सेक्रेट्री भी थे। उन दिनों वांग हूनिंग ने उन्हें सबसे अधिक प्रभावित किया था। 'सेंट्रल पॉलिसी रिसर्च ऑफिस' की आवश्यकता तंग श्याओ-फिंग की वजह से पड़ी थी। 18 अगस्त 1980 को तंग श्याओ-फिंग ने तत्कालीन चीनी नेतृत्व की जमकर आलोचना की थी। उन्होंने तब कहा था कि सत्ता के शिखर पर बैठे लोग ही सब कुछ निर्धारित कर रहे हैं। वैचारिक-सांगठनिक ढांचा होता, तो नीचे से ऊपर तक विमर्श के बाद सब कुछ तय होता।अमेरिका व यूरोप के लगभग 20 विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर रह चुके वांग हूनिंग चीन के 'वैचारिक ज़ार' रातभर में नहीं बन गये। 1988 में प्रोफेसर वांग हूनिंग छह माह के वास्ते अमेरिका में थे। वहां से लौटने के तीन साल बाद, 1991 में वांग की एक किताब आयी 'अमेरिका अगेंस्ट अमेरिका'। इस पुस्तक में वांग हूनिंग ने अमेरिकी नीतियों की धज्जियां उड़ाते हुए लिखा कि यह देश इंडिविजुअलिज़्म, हेडोनिज़्म और डेमोक्रेसी की वजह से एक न एक दिन अपना बेड़ा गर्क करेगा। चीन में वांग की इस किताब पर खूब तालियां बजी, मगर अमेरिका लाल-पीला हुआ। यह पुस्तक आउट ऑफ प्रिंट है। मगर, कोविड वाले कालखंड में चीन से जब अमेरिका ने सीधा मोर्चा लिया, वांग की पुस्तक दोबारा से प्रिंट करने की पुरजोर मांग हुई।



वांग हूनिंग, दरअसल तीनों राष्ट्रपतियों चियांग ज़ेमिन, हू चिंथाओ और शी चिनफिंग के भाषण लेखक भी रहे हैं। चुनांचे अमेरिका मानता है कि वांग हूनिंग ही वो 'फैक्ट्री' है, जहां से शब्दभेदी वाण तैयार किये जा रहे हैं। राष्टपति शी चिनफिंग 15 नवंबर 2012 को सीपीसी के महासचिव चुने गये, उसी दौरान वांग हूनिंग को 25 सदस्यीय पोलित ब्यूरो में ले आये। पोलित ब्यूरो से ऊपर सात सदस्यीय 'स्टैंडिंग कमेटी', महासचिव के बाद दूसरी सर्वोच्च संस्था है। 2017 में शी ने वांग हूनिंग को स्टेंडिंग कमेटी में पांचवें स्थान पर तैनात कर लिया। 20वीं कांग्रेस में स्टेंडिंग कमेटी के सात में से तीन सदस्यों को रिटायरमेंट ले लेनी है। स्टेंडिंग कमेटी में शी चिनफिंग प्रथम पुरुष हैं। उनके बाद 67 साल के प्रधानमंत्री ली खछियांग की जगह, वांग हूनिंग को नियुक्त कर देना तय हो चुका है।

सत्ता के गलियारे में लोग गुपचुप सवाल भी उठा रहे हैं कि वांग हूनिंग जब प्रधानमंत्री ली खछियांग की उम्र के ही हैं, तो उन्हें लाने के पीछे शी कौन सा खेल खेलेंगे? सात सदस्यों की कतार में तीसरे नंबर पर लीझान शू 72 साल के हो चुके, जो नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के चेयरमैन की ज़िम्मेदारी भी संभालते रहे थे। स्टेंडिंग कमेटी से उनकी छुट्टी भी तय हो चुकी। चार उप प्रधानमंत्रियों में से एक, वांगयांग स्टेंडिंग कमेटी में चौथे स्थान पर थे। सेकेंड-इन-कमांड वाले सर्वोच्च पद की बाधा दौड़ में वही वांग हूनिंग के आड़े आ रहे थे। यह राष्टपति शी का स्वयं का फैसला था कि वांग हूनिंग को उनके बाद वाली जगह पर बिठाया जाये। स्टेंडिंग कमेटी में सातवें स्थान पर उप प्रधानमंत्री हान झेंग थे, वो 68वां वसंत देख चुके। उनका जाना पहले से तय था।

पेइचिंग के ग्रेट हॉल ऑफ पीपुल में 16 से 22 अक्तूबर 2022 तक चलने वाली चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं कांग्रेस की बैठक पर पूरी दुनिया की नज़र उस चेहरे को लेकर थी, जिसे शी के बाद नंबर टू बनना था। बाक़ी के 48 घंटे चीनी कम्युनिस्ट पार्टी तरह-तरह के संदेश देने, स्टेंडिंग कमेटी व पोलित ब्यूरो में कुछेक नये चेहरों की घोषणा में लगायेगी। राष्टपति शी के भाषण से एक बात तो साफ हुई है, कि वह भ्रष्टाचार मुक्त चीन चाहते हैं। उनके तीसरे कालखंड में सैन्य आधुनिकीकरण, पर्यावरण को स्वच्छ रखने के साथ-साथ पूरी दुनिया को अत्याधुनिक बनाने के वास्ते चीन क्या कुछ करेगा, इस वास्ते ढोल बजेंगे।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के इस आयोजन पर दुनिया के कई सारे देशों से शुभकामना संदेशों का आना जारी है। राजनीतिक पार्टियां भी संदेश भेजने में पीछे नहीं रहीं। चंद नामों में वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया (डब्ल्यूपीके), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ वियतनाम (सीपीवी), लाओ पीपुल्स रेवोल्यूशनरी पार्टी (एलपीआरपी), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ क्यूबा (सीपीसी) उल्लेखनीय हैं। भारत की वामपंथी पार्टियों ने किस बात पर यह दूरी बना ली? यह सवाल भी दीगर है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ज़रदारी ने बाकायदा वीडियो संदेश के ज़रिये शुभकामनाएं भेजी हैं। मगर, बात जब रस्मअदायगी की होती है, तो भारत को अपने तमाम मतभेदों को किनारे कर 20वीं कांग्रेस के लिए शुभकामना संदेश भेज देना चाहिए था। शी ने भी द्रौपदी मुर्मू के राष्टपति बनने पर बधाई दी थी!

## किसने क्या कहा...



"भारत का लक्ष्य वर्ष 2025 तक 22 अरब डॉलर का रक्षा कारोबार, पांच अरब डॉलर का निर्यात : राजनाथ



किसी और के हितों को साधने के लिए गांगुली को आईसीसी चुनाव से वंचित रखा गया : ममता बनर्जी



सिर्फ शिवसेना का ही नहीं बल्कि लोकतंत्र का भविष्य भी खतरे में : उद्धव ठाकरे



भाजपा एमसीडी को चलाने में नाकामी के लिए बहाना न बनाएं : अरविंद केजरीवाल"

## कार्टून...




# टकराव जैव विविधता के लिए घातक

**संकट में गजराज**

**पंकज चतुर्वेदी**

पिछले दिनों में झारखंड और उससे सटे छत्तीसगढ़ में चार हाथी मारे गये। वहीं एक गंभीर घायल भी मिला। वन विशेषज्ञों का अनुमान है कि इनके युवा हाथियों के आपसी झगड़े में मारे जाने की आशंका है। असल में हाथी को अपने शरीर की विशालता के कारण ढेर सारे भोजन व पानी की आवश्यकता होती है। इनमें झगड़े का कारण भी मादा हाथी या भोजन ही होता है। इन दिनों झारखंड और छत्तीसगढ़ में हाथियों के गांव में घुसने, तोड़फोड़ करने की कई घटनाएं हो रही हैं। जाहिर है जब जंगल में हाथी का पेट नहीं भरेगा तो वह बस्ती की ओर जायेगा। देश में 75 साल पहले लुप्त हो गए चीतों को फिर से बसाने या बाघ पर तो बहुत ध्यान दिया जा रहा है लेकिन जिस जानवर के कारण जंगल हैं और जिस जंगल में ही चीता या बाघ रह सकता है, उस हाथी पर समाज को सचेत करने पर जमीनी योजना का सदैव अभाव ही दिखा।

बीते तीन सालों के दौरान हाथियों के इंसान से टकराव की बढ़ती घटनाओं में 300 हाथी मारे गए। वहीं 1401 इंसानों को भी अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। हकीकत यही है कि प्राकृतिक संसाधनों के सिमटने के चलते भूखा-प्यासा हाथी अपने ही पारंपरिक इलाकों में जाता है। दुखद है कि वहां अब बस्ती व सड़क का जंजाल है। 'द क्रिटिकल नीड आफ एलिफेंट' नामक डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया की यह रिपोर्ट बताती है कि दुनिया में 50 हजार हाथी बचे हैं। इनमें से साठ फीसदी का आसरा भारत में है। देश के 14 राज्यों में 32 स्थान हाथियों के लिए संरक्षित हैं। यह समझना जरूरी है कि धरती पर इंसान का अस्तित्व तभी तक है जब तक जंगल हैं और जंगल में जितना जरूरी बाघ है, उससे अधिक अनिवार्यता हाथी की है।

दुनियाभर में हाथियों को संरक्षित करने के लिए गठित आठ देशों के समूह में भारत शामिल हो गया है। भारत में इसे 'राष्ट्रीय धरोहर पशु' घोषित किया गया है। इसके बावजूद भारत में बीते दो दशकों के दौरान हाथियों की संख्या स्थिर है।

पिछले एक दशक के दौरान मध्य भारत में हाथी का प्राकृतिक पर्यावास कहलाने वाले झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा राज्यों में हाथियों के बेकाबू झुंड के हाथों कई सौ इंसान मारे जा चुके हैं। धीरे-धीरे इंसान और हाथी के बीच के रण का दायरा विस्तार पाता जा रहा है। कभी हाथियों का सुरक्षित क्षेत्र कहलाने वाले असम में पिछले सात



सालों में हाथी व इंसान के टकराव में 467 लोग मारे जा चुके हैं। अकेले पिछले साल 43 लोगों की मौत हाथियों द्वारा हुई। उससे पिछले साल 92 लोग मारे गए थे। झारखंड की ही तरह बंगाल व अन्य राज्यों में भी हाथी खड़े खेत, घर, इंसान जो भी रास्ते में आये उसे कुचल कर रख देता है। दक्षिणी राज्यों के जंगलों में तो गर्मी के मौसम में हर साल 20 से 30 हाथियों के निर्जीव शरीर संदिग्ध हालात में मिल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हाथियों को 100 लीटर पानी और 200 किलो पत्ते, पेड़ की छाल आदि की खुराक जुटाने के लिए हर रोज 18 घंटों तक भटकना पड़ता है। बेशक हाथी दिखने में भारी-भरकम है, लेकिन उसका मिजाज नाजुक और संवेदनशील होता है। थोड़ी थकान या भूख उसे तोड़ कर रख देती है। ऐसे में थके जानवर के प्राकृतिक जंगल को जब नुकसान पहुंचाया जाता है तो मनुष्य से उसकी भिड़ंत होती है।

वन पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता को सहेज कर रखने में गजराज की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्राकृतिक आपदाओं के बारे में पूर्वानुमान में भी हाथी बेजोड़ हैं। किसी भी जंगल के विस्तार में हाथी सबसे बड़ा 'बीज-वाहक' होता है। वह वनस्पति खाता है और भोजन करने के 60 किलोमीटर दूर तक जा कर लीद करता है। उसकी लीद में उसके द्वारा खाई गई वनस्पति के बीज होते हैं। हाथी की लीद एक समृद्ध खाद होती है और उसमें बीज भली-भांति प्रस्फुटित होता है। जंगल का विस्तार और पारंपरिक वृक्षों का उन्नयन इसी तरह जीव-जंतुओं द्वारा नैसर्गिक वाहन से ही होता है। यही नहीं, हाथी की लीद, कई तरह के पर्यावरण मित्र कीट-भृंगों का भोजन भी होता है। ये कीट न केवल लीद को खाते हैं बल्कि उसे जमीन के नीचे दबा भी देते हैं जहां उनके लार्वा उसे खाते हैं। इस तरह से कीट कठोर जमीन को मुलायम कर देते हैं। इस तरह वहां जंगल उपजने का अनुकूल परिवेश तैयार होता है। कहना गलत न होगा कि हाथी जंगल का पारिस्थितिकी तंत्र इंजीनियर है। उसके पदचिन्हों से कई छोटे जानवरों को सुरक्षित रास्ता मिलता है।

यह वैज्ञानिक तथ्य है कि जिस जंगल में इस विशालकाय शाकाहारी जीव का वास होता है वहां आमतौर पर शिकारी या जंगल काटने वाले घुसने का साहस नहीं करते और तभी वहां हरियाली सुरक्षित रहती है।

## उपदेश

एक गांव के लोग बच्चों की पढ़ाई और मंदिर बनाने के लिए घर-घर जाकर चंदा इकट्ठा कर रहे थे। उसी गांव में एक संत भी रहते थे। संत के प्रवचन सुनने के लिए काफी लोग पहुंचते थे। संत के भक्त काफी अधिक थे। सभी उन्हें धन और अनाज का दान देते थे। इसी वजह से उनके पास काफी धन जमा हो गया था। ये बात गांव के सभी लोग जानते थे। चंदा मांगने के लिए लोग उनके घर पहुंच गए। उस समय शाम हो गई थी और संत दो मोमबत्तियां जलाकर रामायण का पाठ कर रहे थे। जैसे ही उन्होंने लोगों को देखा तो उन्होंने एक मोमबत्ती बुझा दी। ये देखकर गांव के लोगों ने सोचा कि संत तो कंजूस है, ये चंदे में कुछ नहीं देंगे। लोगों ने संत को बताया कि वे गांव के लोगों की भलाई के लिए चंदा इकट्ठा कर रहे हैं। गांव में बच्चों की पढ़ाई और मंदिर बनवाना चाहते हैं। संत ने अपने पास से बहुत सारा धन और अनाज दान में दे दिया। ये देखकर लोगों ने कहा कि गुरुजी जब आपने एक मोमबत्ती बुझा दी तो हमने तो सोचा था कि आप कंजूस हैं और हमें चंदे में कुछ नहीं मिलेगा। लेकिन, आपने तो सबसे ज्यादा दान दिया है। संत ने कहा कि हमें छोटी-छोटी बचत करते रहना चाहिए। तब ही हमारे पास ज्यादा धन इकट्ठा हो सकता है। यही बचत हमें जरूरत के समय काम आती है। गांव के लोगों को समझ आ गया कि छोटी-छोटी बचत करते रहेंगे तो जब भी पैसों की समस्या आएगी, तब यही बचत काम आ सकती है।

**चंदा मांगने के लिए लोग उनके घर पहुंच गए। उस समय शाम हो गई थी और संत दो मोमबत्तियां जलाकर रामायण का पाठ कर रहे थे। जैसे ही उन्होंने लोगों को देखा तो उन्होंने एक मोमबत्ती बुझा दी। ये देखकर गांव के लोगों ने सोचा कि संत तो कंजूस है, ये चंदे में कुछ नहीं देंगे।**

## प्राइवेट अस्पतालों पर सीएचसी अधीक्षक ने की छापेमारी




**अमर ख्याल , अरविंद अवस्थी**

**सीतापुर ।** रेउसा क्षेत्र में बिना दस्तावेजों के सहारे कई हॉस्पिटल संचालित किये जा रहे है। ऐसे में हॉस्पिटल पर कार्रवाई करते हुए सीएचसी रेउसा की टीम ने बिसवां मार्ग पर स्थित लाइफ लाइन हॉस्पिटल का बुधवार को आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी रेउसा की टीम द्वारा लाइफ लाइन हॉस्पिटल की व्यवस्थाओं एवं कागजातों का जायजा लिया गया। निरीक्षण में सीएचसी रेउसा की टीम को हॉस्पिटल को संचालित करने के सम्बंधित संचालिका द्वारा प्रपत्र नही दिखाया जा सका। जिसके चलते सीएचसी की टीम ने नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के अंदर सभी प्रपत्रों के साथ सीएचसी में उपस्थित होने के लिए आदेशित किया गया। तब तक के लिए व्यवसाय बिसवां मार्ग पर चल रहे लाइफ लाइन हॉस्पिटल में किसी भी प्रकार के उपचार बुधवार को मनाही के सख्त आदेश दिए गए

## आगामी त्योहारों को लेकर की गई पीस कमेटी के मीटिंग



**अमार ख्याल , टिंकू कश्यप**

**सीतापुर ।** थाना रामपुर मथुरा प्रांगण में आगामी त्योहार को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक कर लोगो को धनतेरस,दीपावली भैयादूज,छठ पूजा व खुले में पूजा पाठ न करके घरो में शांति व्यवस्था के साथ त्योहार मनाए अगर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर देवी-देवताओं या किसी बात को लेकर अभद्र टिप्पणी करता है तो करने वालों पर उसके खिलाफ पुलिस द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। पटाखे की दुकान लगाने वालो के लिए जिला अधिकारी सीतापुर के आदेशानुसार परमिशन लेना पड़ेगा तभी दुकान लगा सकते है बैठक में सभी ग्राम पंचायतों के प्रधान व बीडीसी प्रधान प्रतिनधि चांदपुर प्रदीप वर्मा,प्रधान प्रतिनिधि खनेवा मेतौरा लालचंद, ग्राम पंचायत मथुरा विजय कुमार मौर्य,प्रधान प्रतिनिधि रामविजय,सोहरिया प्रधान अमरेन्द्र छतौनी,प्रधान प्रतिनिधि मोहन अटोरा प्रधान अजय सिंह, पारा रमनगरा प्रधान जानकीनगर कैलाश सोनू निषाद,कनरखी गढ़चपा प्रधान हसीब प्रतिनिधि,प्रधान गोंडा देवरिया नागेंद्र यादव,प्रधान ग्राम पंचायत केवड़ा बाबू,प्रधान प्रतिनिधि संतोष शुक्ला,सीओ महमूदाबाद रवि शंकर प्रसाद, रामपुर मथुरा थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्र प्रकाश द्विवेदी,देवनारायण चौकी इंचार्ज,महेंद्र कुमार शर्मा भगौती पुर चौकी इंचार्ज,चौकी इंचार्ज पंकज सक्सेना चांदपुर व समस्त पुलिस स्टॉफ मौजूद रहा

## प्रशिक्षण से ग्रामीण युवा बनेंगें स्वावलंबी

**अमर ख़्याल , राहूल कुमार**

**रामपुर।** मिलक/युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने हेतु सरकार की योजना से ग्रामीण युवा स्वावलंबी बनेंगे।रोजगार के सुनहरे अवसर प्राप्त कर नए आयामो को छुएंगे।गुरुवार को उत्तर प्रदेश पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ एवं नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश के अधीनस्थ संस्था प्रज्ञावान टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड नोयडा द्वारा ग्रामीण युवाओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास कार्यलय के सभागार में किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार के द्वारा किया गया।प्रशिक्षण टीम द्वारा ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया गया।प्रशिक्षण के पहले दिन 54 ग्रामपंचायतों के 108 युवाओं को पम्प ऑपरेटर का प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण टीम ने बताया कि मिलक ब्लॉक के प्रत्येक ग्रामपंचायत में कुल 13 युवाओं को विभिन्न 6 ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।प्रशिक्षण के उपरांत ग्रामीण युवा तकनीकी क्षेत्र में दक्षता हासिल करेंगे तथा स्वरोजगार उत्पन्न कर स्वावलंबी बनेंगें।प्रशिक्षण के पहले दिन मोनू चौधरी,प्रीतम चौधरी,जापानी चौधरी,मयंक गंगोत्री,कामिन्द्र सिंह,गौतम कुमार प्रशिक्षुओं ने 108 ग्रामीण युवाओं को पम्प ऑपरेटर का प्रशिक्षण प्रदान किया।

## सांसद प्रतिनिधि ने नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का के तहत छात्र छात्राओं को दिलाई शपथ

अमर ख्याल

सीतापुर । केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद कौशल किशोर के प्रतिनिधि अमित मोहन ने छात्र-छात्राओं को नशा न करने की शपथ दिलाई उन्होंने कहा कि नशा करने से अपने साथ-साथ पूरे परिवार को भी हानि होती है आपको बता दें कि आज अटरिया कस्बे के पब्लिक स्कूल में स्कूल के प्रबंधक विनय मोहन के साथ सांसद प्रतिनिधि अमित मोहन ने छात्र-छात्राओं को नशा न करने की शपथ दिलाई उन्होंने नशा मुक्ति अभियान कौशल का कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई इस मौके पर उन्होंने कहा कि नशा करने से शारीरिक मानसिक एवं आर्थिक हानियों का सामना करना पड़ता है नशे में लाखों लोगों की जिंदगियां छीन ली बता दें कि सांसद कौशल किशोर के पुत्र जेबी कि नशे के चलते मौत हो गई थी जिसके बाद सांसद कौशल किशोर ने नशा मुक्ति समाज अभियान चलाया। उन्होंने अभियान का नाम नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का रखा जिसके तहत आज सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने जीवन में कभी नशा न करने की शपथ ली इस मौके पर स्कूल प्रबंधक विनय मोहन,सांसद प्रतिनिधि अमित मोहन,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामनिवास विश्वकर्मा,प्रवीण श्रीवास्तव प्रधानाचार्य,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अटरिया प्रभात समेत सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## चुनाव में शामिल होने निकले उपमुख्यमंत्री चप्पे-चप्पे पर दिखा पुलिस प्रशासन

**अमर ख्याल**

**सीतापुर ।** गोला गोकरण नाथ के उपचुनाव में एक जनसभा को संबोधित करने के लिए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सीतापुर जिले के सिधौली से होते हुए निकले। सूचना मिलते ही पूरा पुलिस महकमा हरकत में आ गया और चप्पे-चप्पे पर पुलिस विभाग के अधिकारी तैनात दिखाई दिए दोनों तरफ से सड़कों को रोक दिया गया तथा बृजेश पाठक का काफिला गुजरने के बाद सड़कों को पुनः शुरू कराया गया। आपको बता दें कि आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तथा भाजपा के स्टार प्रचारक बने बृजेश पाठक अपने लखनऊ स्थित आवास से गोला गोकरण नाथ के उपचुनाव में एक जनसभा को संबोधित करने के लिए निकले सिधौली कस्बे के नेशनल हाईवे से होते हुए गुजर रहे थे सूचना मिलते ही पुलिस महकमा हरकत में आ गया और कस्बे के बिसवां चौराहा महमूदाबाद चौराहा कमल तिराहा समेत विभिन्न स्थानों पर पुलिस महकमा दिखाई दिया। पुलिस ने बिसवां चौराहे पर मिश्रिख मार्ग तथा विश्वा मार्ग से गुजरने वाले वाहनों को रोक दिया एवं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का काफिला निकलने के बाद मार्गो को पुनः शुरू कराया गया।

## विवेचनाओं मे लापरवाही बरतने पर डीआईजी ने विवेचकों के निलम्बन व विभागीय कार्यवाही की



अमर ख्याल ब्यूरो

गोंडा । पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा उपेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा 2 उपनरीक्षकों के निलम्बन व विभागीय कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच व गोण्डा को निर्देशित किया गया

**पहला प्रकरण.....**

थाना कोतवाली देहात जनपद बहराइच से सम्बन्धित है,जिसमें वादी मुकदमा डा0 दिनेश कुमार सिहं रिटायर्ड (सी0एम0एस0) द्वारा प्रदेश स्तरीय माफिया देवेन्द्र सिंह उर्फ गब्बर सिंह के विरुद्द अपनी जमीन कब्जा करने तथा सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण कर मकान बनाने सहित विभिन्न आरोप अंकित कर थाना कोतवाली देहात जनपद बहराइच पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था` जिसकी विवेचना उ0नि0 उमेशचंद्र सिंह द्वारा संपादित की गयी` विवेचना के दौरान वादी मुकदमा का मजीद बयान यह अंकित करते हुये कि वह कोई कार्यवाही नही चाहते हैं अभियोग में अंतिम रिपोर्ट लगा दिया गयो जबकि वादी मुकदमा द्वारा स्वयं उच्चाधिकारियों के समक्ष उक्त मुकदमें में विवेचक द्वारा कोई कार्यवाही ना करने का आरोप लगा कर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है` उपरोक्त विवेचक द्वारा सतही तौर पर विवेचना कर अभियोग में अंतिम रिपोर्ट प्रेषित की गयी है` विवेचना में लापरवाही परिलक्षित होने पर उक्त विवेचक के निलम्बन व विभागीय कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच को निर्देशित किया गया

**द्वितीय प्रकरण.....**

थाना हरदी जनपद बहराइच के तत्कालीन उपनिरीक्षक बेचूप्रसाद गौड़ द्वारा खनन माफियाओं के विरुद्द वर्ष 2021 में अभियोग पंजीकृत कराया गया था जिसकी विवेचना स्थानांतरित होकर थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा पर नियुक्त विवेचकों द्वारा संपादित की गयी जिसमें करीब आठ माह तक उपरोक्त विवेचना उपनिरीक्षक अभिषेक वर्मा के पास लम्बित रही किन्तु उनके द्वारा उपरोक्त अभियोग में अपेक्षित विवेचनात्मक कार्यवाही ना करते हुये लापरवाहीपूर्ण विवेचना की गयी जिस सम्बन्ध मे जाँच करायी गयी तो अन्य विवेचकों सहित उपनिरीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अकारण ही विवेचना अधिक समय तक अपने पास लम्बित रखने एवं विवेचना में घोर लापरवाही बरतने के दोषी पाये गये हैं जिस आधार पर उनके निलम्बन व विभागीय कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक जनपद गोण्डा को निर्देशित किया गया

## सी ओ मलिहाबाद योगेंद्र सिंह से वार्ता करने गए पत्रकार के साथ सीओ ने की अभ्रता

अमर ख्याल

मलिहाबाद ( लखनऊ ) ग्रामीण मलिहाबाद क्षेत्राधिकारी से एक प्रकरण में वार्ता करने गए पत्रकार राकेश कुमार गौतम के साथ सीओ योगेंद्र सिंह ने की अभद्रता ।पत्रकार राकेश कुमार किसी पीड़ित के मामले को लेकर सीओ साहब से जानकारी के संज्ञान में गए थे सीओ ऑफिस के बाहर बरामदे में बैठे इंतजार कर रहे थे पता लगा कि साहब लंच करने गए हैं ।सीओ साहब कुछ देर बाद आये औरअपने कायार्लय चले गये जो कमरे के अन्दर कुछ पीड़तों से वार्ता कर बाहर निकले मगर सीओ ने बिना कुछ सुने पत्रकार राकेश कुमार को अभद्र हीनता पूर्वक सी ओ ऑफिस से भगाते हुए निकल जाने को कहा अगर तू अभी यहाँ से नहीं गया तो धक्के मार के भगा देंगे और कहा अगर अपनी पे आ गए तो ठीक से बता देंगे। मैं जानता हूँ तू कितना बड़ा पत्रकार हैं। जहां एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पत्रकार के विषय में बहुत बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं वही ऐसे भ्रष्ट अधिकारी उनकी छवि को धूमिल करने का काम कर रहे हैं जहां एक और लोकतांत्रिक का चौथा स्तंभ पत्रकार को बताया गया है वही ऐसे भ्रष्ट अधिकारी पत्रकारों की छवि को धूमिल करने का काम कर रहे हैं आए दिन ऐसी घटनाएं देखने को मिल रही है।

सी ओ ऑफिस से सीओ योगेंद्र ने पत्रकारों को खदेड़ा वीडियो हुआ वायरल अधिकारियों पर उठ रहे सवालिया निशान आखिर कहां गई योगी सरकार जो पत्रकारों के पक्ष में बड़ी-बड़ी बातें करती हैं यहां तो लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों की उड़ाई जा रही धज्जियां।मलिहाबाद सीओ की अभद्रता पूर्वक वार्ता को आप वीडियो के माध्यम से देख सकते हैं और सुन सकते हैं किस तरीके से अपनी वर्दी के घमंड में चूर सीओ अपनी अकड़ झाड़ रहा है अब देखना यह है कि आला अधिकारी इस परीकरण को ध्यान देते हैं या मलिहाबाद सीओ को बचने का प्यास करेगे या सीओ ऑफिस में ऐसे ही पत्रकारों के साथ अभद्रता की जाएगी। या आला अधिकारी पत्रकारों के साथ न्याय करेंगे

## राजकीय इंटर कॉलेज ने 50 क्षय रोगियों को लिया गोद

### पोषाहार प्रदान करने के साथ ही भावनात्मक सहयोग का किया वादा



**अमर ख्याल सोनी कुमारी**

**रायबरेली ।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत राजकीय इंटर कॉलेज(जीआईसी) में बृहस्पतिवार को जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा की उपस्थिति में प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार ने निक्षय मित्र बनकर 50 क्षय रोगियों को गोद लियो उन्होंने क्षय रोगियों कोपोषाहार किट भी सौंपी इस मौके पर जिला क्षयरोग अधिकारी ने बताया कि क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषाहार किट प्रदान करने के साथ ही भावनात्मक सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है पोषाहार किट में प्रोटीनयुक्त आहार जैसे - मूंगफली, दलिया, चना औरगुड़ शामिलहै इसके साथ ही सही पोषण के लिए इलाज के दौरान निक्षय पोषण योजना के तहत सरकार की तरफ से प्रति माह 500 रुपये की धनराशि सीधे खाते में भेजी जाती है जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि लगातार दो हफ्ते तक खांसी आना, शाम के समय बुखार रहना, बलगम में खून आना, वजन का न बढ़ना यह टीबी के संभावित लक्षण हैं यदि इनमें से कोई भी लक्षण प्रकट हों तो निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं स्वास्थ्य केंद्रों पर क्षय रोग की जांच और इलाज निशुल्क उपलब्ध है उन्होंने कहा कि टीबी की दवा का सेवन चिकित्सक की सलाह पर नियमित करना चाहिये बीच में दवा नहीं छोड़नी चाहिए इस मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि साल 2025 तक देश को क्षय मुक्त करने के प्रधानमंत्री के संकल्प को सभी के सहयोग से ही पूरा किया जा सकता है इसी क्रम में हमने यह पहल की है` हमने जिन क्षय रोगियों को गोद लिया है इलाज के दौरान आवश्यकतानुसार मरीजों के घर पहुंच कर हाल चाल लेते रहेंगे इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि यह प्रयास रहेगा कि जिले के और भी विद्यालय आगे आयें और क्षय रोगियों को गोद लेकर प्रधानमंत्री का क्षय मुक्त भारत का सपना साकार करने में सहयोग प्रदान करें इस मौके पर सीएचसी अमावा के अधीक्षक प्रतिनिधि आनंद शंकर, एनटीईपी के जिला प्रोग्राम समन्वयक अभय मिश्रा, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक करुणा शंकर मिश्र , समन्वयक अतुल कुमार, टीबीएचबी विक्रांत गुप्ता, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक के.के. श्रीवास्तव एवं सुनील कुमार बाजपेई, उप प्रधानाचार्य डॉ महेंद्र सिंह, आदित्य मोहन सोनी,विकास कुमार साहू, डॉ हरिओम त्रिपाठी,शिव हर्ष, दिव्य प्रकाश श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश, विश्वनाथ प्रसाद रावत,राजाराम वर्मा,धर्मेंद्र शुक्ला, अवधेश वर्मा, निर्भय सिंह,अरविंद कुमार,आशीष त्रिपाठी,दीप्ति वर्मा,गीता गुप्ता,गीता वाजपेई,रेनू भारती,केवलपति,राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे

## टेली लॉ विधिक साक्षरता के तहत लोगों को जागरुक किया



**अमर ख्याल**

**पीलीभीत।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत/जिला जज के आदेशानुसार व सचिव अमित कुमार यादव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के निदेर्शानुसार ग्राम पंचायत सैजनियां ब्लॉक मरौरी में मनोज कुमार शर्मा पीएलबी के द्वारा टेली लॉ विधिक साक्षरता आभियान/ जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया है शिविर में लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत,विकलांगों के अधिकार , मिशन शक्ति महिलाओं के शोषण व उत्पीड़न के संबंध में जानकारी आदि की जानकारी दी गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत समाज के कमजोर व्यक्तियों को एक ऐसा अवसर प्रदान करता है जहां पर एक ही छत के नीचे वह अपनी विधिक समस्याओं का समाधान तथा राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा पाता है टेली लॉ देश के सुदूर कोने में रहने वाले हर व्यक्ति को सफलतापूर्वक जोड़ने और उसके द्वार पर कानूनी सहायता पहुंचाने का प्रथम पहला प्रयास है डिजिटल भारत के तहत टेली लॉ एक जरूरी प्रयास जो संयुक्त रूप से न्याय विभाग विधि और न्याय मंत्रालय विधिक सेवा प्राधिकरण और कॉमन सर्विस सेंटर ई गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा शुरू किया गया है। टेली लॉ में निःशुल्क कानूनी सलाह पाने के हकदार में महिलाएं, बच्चे( 18 साल से कम), अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्य, औद्योगिक कामगार/श्रमिक/मजदूर, प्राकृतिक आपदा से पीड़ित जैसे भूकंप, बाढ़, सूखा इत्यादि, दिव्यांग व्यक्ति, जातीय हिंसा एवं देह व्यापार से पीड़ित, कम आय वाले वर्ग है।

## चीन द्वारा 20 अक्टूबर 1962 को भारत पर आक्रमण की 60वी वर्षगाँठ पर चीन के राष्ट्रपति जिम्पिंग का फूंका गया पुतला

अमर ख्याल

लखनऊ । चीन द्वारा 20 अक्टूबर 1962 को भारत पर आक्रमण की 60वी वर्षगाँठ पर चीन के राष्ट्रपति जिम्पिंग का पुतला फूंका गया । भारत तिब्बत सहयोग मंच अवध प्रांत की इकाई के ओर से बृहस्पतिवार 20 अक्टूबर 2022 लखनऊ राम राम बैंक चौराहा पर जुलूस के सक्र में मंच के पदाधिकारी पहूंचकर पुतला दहन किया । भारत तिब्बत सहयोग मंच जिसके मार्गदर्शक राष्ट्रीय स्वेयंसेवक संघ के राष्ट्रीय वरिष्ट प्रचारक आदरणीय डॉ इंद्रेश कुमार जी ओर राष्ट्रीय महामंत्री वह पूर्णप्रचारक पंकज गोयल के निर्देशन में उत्तरप्रदेश पूर्वी छेत्र संयोजक मनोज कृष्ण श्रीवास्तव के संयोजन में पूर्वी छेत्र के चारों प्रांतों में कानपुर प्रांत, अवध प्रांत , काशी प्रांत , गौरक्ष प्रांत में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन हुआ ।मनोज कृष्ण श्रीवास्तव अवध प्रांत लखनऊ में स्वतः कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे । बक्शी तालाब के राष्ट्रीय स्वेयंसेवक संघ के सह संघचालक राजनाथ मिश्रा । और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के0पी0 मिश्रा भी मौजूद थे । लखनऊ के कार्यालय पर सभी कार्यकर्ता एकत्र होकर दुष्ट चीन के विरुद्ध नारे लगाते हुए राम राम बैंक चौराहे तक मार्च किया। वह पर कार्यकताओं ने नारे लगाए । ₹ अक्साई चीन खाली करो , चाइना के सामानों का बहिष्कार करोरे ,₹ कैलाश मैंसरोवर को मुक्त करो , तिब्बत को आजादी करो।



के नारे लगाए ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से माननीय मनोज श्रीवास्तव, अवध प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष अजय पाण्डे , प्रांत महामंत्री अजीत कुमार श्रीवास्तव, अवध प्रांत के अध्यक्ष संजीव गुप्ता ,आर0एल0 शुक्ल, अवध प्रांत महिला विभाग की अध्यक्ष डॉ प्रियंका उपाध्याय शुक्ला , प्रांत सचिव सागर मिश्रा , निहारिका शुक्ला, पिंकी पचौरी शशि वर्मा , विक्रम सिंह चढेल, शालिनी वर्मा, रेखा तिवारी , रेखा सिंह रंजना मिश्रा , रेखा यादव , अवध प्रांत के प्रचार प्रसार प्रमुख आँचल श्रीवास्तव इत्यादि मौजूद रहे। उसके अलावा चीन के विरुद्ध कार्यक्रम में और भी संगठनो के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। जैसे राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के शमीम खान वही भारतीय केशरिया वाहिनी से प्रेम सिन्हा , शिवम शुक्ला , गणेश कमलापुरी, शुभांकर वर्मा, विशेष तौर पर उपस्थित रहे

## कर्नलगंज थाना क्षेत्र में चौरी गद्दौपुर मार्ग पर मिला अधेड़ का शव, फैली सनसनी


### पुलिस मौके पर पहुँच कर छानबीन में जुटी



**अमर ख्याल संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी**

**कर्नलगंज(गोण्डा)** स्थानीय क्षेत्र के अन्तर्गत गोण्डा लखनऊ हाईवे पर चौरी चौराहा के पास सड़क हादसे में तीन बच्चों की दर्दनाक मौत होने की हृदय विदारक घटना की लपट अभी शान्त नहीं हो पाई थी,तब तक चौरी चौराहा से गद्दौपुर जाने वाले मार्ग पर एक अज्ञात शव मिलने से लोगों में सनसनी फैल गई है। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुँच कर जांच पड़ताल में जुट गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र से जुड़ी है,जहाँ चौरी -गद्दोपुर मार्ग स्थित कठौवा पुल के पास गुरुवार को एक अधेड़ का शव देखा गया और उसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पर उपनिरीक्षक मनीष कुमार ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँच कर मामले में जांच पड़ताल के साथ विधिक कार्यवाही शुरू कर दी। इस संबंध में कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर एस आई मनीष कुमार को मौके पर भेजा गया है।

## 16 वर्षीय बाइक मैकेनिक की हुई हत्याआ शव गन्ने के खेत मे मिला



**अमर ख्याल**

**पीलीभीत।** थाना जहानाबाद क्षेत्र में ग्राम शाही निवासी अभिषेक उम्र करीब 16 वर्ष जो ग्राम खमरियापुल पर मोटरसाईकिल रिपेयर की दुकान करता था। कल दिनांक 19.10.2022 को शाम के समय अपनी परिचितो के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर अपनी खमरियापुल वाली दुकान से आया था। और घर वापस नहीं पहुँचा जिसके सम्बंध में आज सुबह पुलिस को अभिषेक की मोटरसाईकिल खड़ी होने की सूचना मिली जिस पर थाना जहानाबाद पुलिस द्वारा तत्परता से तलाश की गयी तो अभिषेक का शव ग्राम खमरियापुल मैन रोड से लगभग 500 मीटर दूरी पर एक गन्ने के खेत में मिला। मृतक अभिषेक के शव पर गम्भीर चोटे के निशान है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। मृतक के परिजनों द्वारा रंजिश के कारण अपने परिजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में अपने ही परिवार के लोगों से कुछ समय पहले झगड़ा होने के कारण उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी थी। घटना के सम्बंध में पीलीभीत पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी पहलुओं पर गहनता से जाँच की जा रही है। घटना के सफल अनावरण हेतु दो टीमों का गठन किया गया है।

## प्रधान का राशनकार्ड निरस्त कराने की मांग

अमर ख्याल , राहुल कुमार

रामपुर । मिलक/प्रधान के नाम जारी राशनकार्ड को निरस्त कराने हेतु ग्राम पंचायत सदस्य द्वारा खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र दिया गया।पत्र में प्रधान द्वारा प्राप्त राशन की रिकवरी की भी मांग की गयी है।बुधवार को क्षेत्र के निस्वी गांव निवासी खुर्शीद अनवर व ग्राम पंचायत सदस्यों ने खंड विकास अधिकारी मिलक को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया गया है कि निस्वी गांव के ग्राम प्रधान मोर सिंह बीपीएल राशनकार्ड धारक है।वर्तमान में सरकारी नियमावली के अनुसार ग्राम प्रधान बीपीएल राशनकार्ड धारक रहते हुए फ्री अनाज का लाभ प्राप्त नहीं कर सकते।ग्रामप्रधान द्वारा अधिकारियों की आंखों में धूल झोंककर निशुल्क अनाज प्राप्त किया जा रहा है जो कि नियमविरुद्ध है।मांग की गयी है कि तत्काल ग्राम प्रधान का राशनकार्ड निरस्त कर पूर्व में लिए गए निशुल्क अनाज की भी रिकवरी करायी जाए।ग्राम प्रधान से मामले की जानकारी ली गयी तो ग्रामप्रधान ने बताया कि वह पात्र श्रेणी में आता है।वह प्रधान पद त्याग सकता है परंतु अपना बीपीएल राशनकार्ड सरेंडर नहीं करेगा।

## विभिन्न क्षेत्रों में बाढ़ के कारण फैल रहे वायरस से मर रहे जानवर ध्यान नहीं दे रहा स्वास्थ्य विभाग



अमर ख्याल , अरविंद अवस्थी

सीतापुर । विकास खण्ड सकरन क्षेत्र में बाढ़ से आए दिन अचानक मृत्यु हो रही है। और स्वास्थ विभाग अपने कानों में उंगली डाल कर बैठे हुए हैं। और जब कोई भी गांव का व्यक्ति सुनना देता है तो डॉक्टर साहब वहीं से दवाई बता देते हैं। यह पूरा मामला विकासखण्ड सकरन क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवतापुर का है। मीडियाकर्मियों के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि 19/10/2022 को विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के पदाधिकारियों के द्वारा निरीक्षण के दौरान शहर में विभिन्न क्षेत्रों में लंपि वायरस से पीड़ित गोवंश पाए गए नगर पालिका कर्मचारी बुलाकर सभी गोवंश को पकड़ा कर आइसोलेशन किया गया और पशु चिकित्सा टीम बुलाकर सभी गायों को ट्रीटमेंट करवाया गया जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि इस तरह से केस पूरे नगर में विभिन्न क्षेत्रों मिल रहे हैं और पूरे जिले में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में एवं नगरीय क्षेत्र में भी गोवंश लगातार इस वायरस से पीड़ित मिल रहे हैं इसमें जिम्मेदार अधिकारी लगातार लापरवाही से काम कर रहे हैं अगर यह वायरस तेजी से फैलता है इसका जिम्मेदार सिर्फ जिम्मेदार अधिकारी होंगे जो कि यह पूरे जिले में यह वायरस बहुत तेजी से फैल रहा है लेकिन अभी भी इससे संबंधित विभाग अभी तक उचित कदम नहीं उठाया

## पीआरवी कर्मियों की तत्परता से मानसिक रूप से बीमार महिला अपने परिजनों से मिली



अमर ख्याल ब्यूरो

गोंडा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर द्वारा समय-समय पर गोष्ठी कर पुलिस कर्मियो को मित्र पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने तथा जनमानस की समस्याओं को सुन त्वरित कार्यवाही करते हुए गुणवत्तापूर्ण समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। इन्ही दिशा निर्देशों के क्रम में थाना कोतवाली नगर टीम द्वारा मानसिक रूप से बीमार महिला को उनके परिजनों से मिलाने में सफलता प्राप्त हुई है।बुधवार को जरिये दूरभाष सूचना मिली की एक महिला जिसकी मानसिक संतुलन ठीक नही है विक्षिप्त अवस्था में असाधारण व्यवहार कर रही है तथा सेमरा रेलवे क्रासिंग कोतवाली नगर गोण्डा क्षेत्र में घूम रही है। उ0नि0 रणजीत यादव मय हमराह म0का0 मोना वर्मा, का0 सुरेन्द्र कुमार यादव, का0 शिवम पाल व डायल 112 की महिला पीआरवी 0860 पर तैनात म0आरक्षी निर्मला यादव मय टीम के सूचना मिलने के कुछ ही समय में विछिप्त महिला को खोज कर गले में पहने पहचान- पत्र दिये गये मोबाईल न0 पर सम्पर्क कर महिला के भाई को सूचित किया गया। तथा उक्त महिला को वन स्टाप सेन्टर गोण्डा में दाखिल कराया गया। तथा आज उनके परिजनों के आने पर मानसिक रूप से बीमार महिला उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। महिला को उनके परिजनों से मिलाने पर कोतवाली नगर व पी0आर0वी0 पुलिस की आमजनमानस मे काफी सराहना हो रही है

## आर एस एस कार्यकता के घर का ताला तोड़कर लाखो रुपए की चोरी



अमर ख्याल

बदायूँ । बिसौली- कोतवाली बिसौली क्षेत्र के कस्बा बिसौली में बीती रात दीपक टॉकीज के पास गली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला शारीरिक प्रमुख के मकान में चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवर और नगदी लेकर फरार हो गये हम आपको बता दें कि पूरा मामला जनपद बदायूं के बिसौली कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बिसौली का है जहां बीती रात दीपक टॉकीज के पास गली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला शारीरिक प्रमुख के मकान में ताला तोड़कर चोर मकान के अंदर दाखिल हो गए और घर में रखे 10 तोला सोना और चांदी के जेवरात सहित दो लाख के नगदी लेकर फरार हो गए वही मकान मालिक मनीष चंद शर्मा वृंदावन धाम दर्शन करने गए हुए थे और उनका बड़ा बेटा अपनी ससुराल गया हुआ था वही छोटा बेटा घर का ताला लगाकर पड़ोस में हो रहे स कीर्तन में शामिल होने गया था तभी चोरों ने घर का ताला तोड़ दिया घर में सिर्फ मुनीष शर्मा की पत्नी मौजूद थी जब चोरी की आहट मनीष शर्मा की पत्नी को हुई तो बह जागी और चोरों को देखकर चोर चोर कह कर चिल्लाने लगी तभी चोर लाखों रुपए के जेवरात और नगदी लेकर चंपत हो गए पीड़ित ने बिसौली कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है और बिसौली कोतवाली पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है

# मोटरसाईकिल चोरी की कई घटनाओं का खुलासा

## चोरी की 06 अदद मोटरसाइकिल व कटी हुई मोटरसाईकिलों के कलपुर्जे बरामद, 02 अभियुक्त गिरफ्तार





अमर ख्याल ब्यूरो

गोंडा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में वाहन चोरों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को दिए थे उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0 नगर पुलिस ने अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के पर्यवेक्षण में सुरागरसी-पतारसी कर मुखबिर खास की सूचना पर मोटरसाईकिल चोर गिरोह का भण्डाफोड़ करते हुए 02 अभियुक्तों-01. जयप्रकाश शुक्ला, 02. धर्मेन्द्र दुबे को गिरफ्तार कर उनके कब्जे व निशानदेही से चोरी की 06 अदद मोटरसाइकिल व कटी हुई मोटरसाईकिलों के कलपुर्जे बरामद किया गया। बरामद मोटरसाइकिलों के बारें मे कड़ाई से पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा दिनांक 18 सितम्बर 2022 को जिला महिला अस्पताल गेट के सामने से स्पेलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल, 24 सितंबर 2022 को अग्रवाल मेडिकल स्टोर के सामने से होण्डा साइन मोटरसाईकिल, 07 सितम्बर 2022 को महरानीगंज से पैशन प्रो मोटरसाईकिल तथा दिनांक 25.05.2022 को अग्रसेन चैराहे से टी0वी0एस0 अपाचे मोटरसाईकिल व अन्य जगहो से मोटरसाईकिल चोरी करने की बात बतायी गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तों का एक संगठित गिरोह है गिरोह के सदस्यों द्वारा नाबालिग बच्चों से मोटरसाईकिलों को चोरी करवाकर उनकी नम्बर प्लेटों व चेचिसों को बदल देते थे तथा गाड़ियों को काट कर उनकी विक्री कर अनुचित लाभ कमाते थे। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर महोदय के आपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत लगवाये गये सी0सी0टी0वी0 कैमरों से वाहन चोरी करते हुए बालअपचारी की वीडियो/फुटेज प्राप्त हुई, जिसकी तलाश कर उससे पूछताछ से अन्य अभियुक्तों की जानकारी कर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से १३ मोटर साइकिल बरामद कर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी बाल अपचारी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है

# डीएम ने की सड़कों के निर्माण कार्यों एवं प्रगति से संबंधित समीक्षा

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के सड़कों का निरीक्षण कर तत्काल सही कराएं संबंधित अधिकारी : डीएम



अमर ख्याल , बाबू लाल शर्मा

गोंडा । बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी डा० उज्वल कुमार की अध्यक्षता में सड़कों के निर्माण कार्यों एवं प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में निर्माण कार्य से संबंधित सभी अधिकारीए व कार्यदायी संस्था मौजूद रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में हो रहे सड़क निर्माण के कार्यों के प्रगति के संबंध में समीक्षा करते हुए सीएचसी उमरिया, लेखपाल ट्रेनिंग सेंटर, कृषि महाविद्यालय, विधि विज्ञान प्रयोगशाला, अटल आवासीय विद्यालय सिसवा मनकापुर, राजकीय महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, आईटीआई परसपुर, महिला छात्रावास, मिनी स्टेडियम नरेचा, स्वच्छ पेयजल, यूपीपीसीएल तथा निर्माण खंड डिवीजन बलरामपुर द्वारा किए जा रहे निर्माण 30वीं पीएसी, मेडिकल कॉलेज, तहसील सदर राजकीय आवास, पर्यटन विभाग सहित कई अन्य विभागों के निर्माण कार्यों के प्रगति की गहन समीक्षा की गइ वहीं बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी सड़क निर्माण से संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी लोग अपने-अपने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के सड़कों का निरीक्षण कर तत्काल स्टीमेट बनाकर भेज दें, एवं सड़क को समय से सही कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, डीएसटीओ अरुण कुमार, एक्सईएन प्रांतीय खंड प्रमोद त्रिपाठी, एक्सईएन सीडी-1, सीडी-2, डीडी एजी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी रवीन्द्र सिंह राठौर, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत राजेश चौधरी, एनएच एई वेद प्रकाश, यूपी सिडको, सीएनडीएस सहित सभी अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था उपस्थित रहे

# ग्राम गुढाना का मेन रोड हुआ तालाब में तब्दील



अमर ख्याल

बदायू । अलापुर ( म्याऊं- ) जहां एक तरफ देश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी सफाई को लेकर अनेक प्रकार के अभियान चला रहे हैं और सफाई व्यवस्था को लेकर जोर दे रहे हैं सफाई अभियान को लेकर करोड़ों रुपए खर्च कर रहे हैं वही जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते सरकार की मंशा पर पानी फेरा जा रहा है यही हाल ब्लॉक म्याऊं की ग्राम पंचायत गुढाना में प्रधान और अधिकारी सफाई को लेकर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं पूरी तरीके से तालाब में तब्दील हो चुका है जिसमें स्कूल के अध्यापकों ने कई बार इसकी शिकायत ग्राम प्रधान से की ग्राम प्रधान ने उनकी इस शिकायत को अनसुना कर दिया आपको बता दें कि विकासखंड म्याऊं की ग्राम पंचायत गुढ़ाना में सफाई व्यवस्था पूरी तरीके से चौपट है नालियां पूरी तरीके से चौपट हो चुकी हैं जिसके कारण नालियों का पानी पूरी तरीके से रोड पर भर गया है जिससे ग्रामीणों को रोड पर निकलने पर भारी समस्या का सामना करना पड़ता है वही ग्राम पंचायत के प्राइमरी स्कूल के सामने मेन रोड पर नालियों का पानी इकट्ठा हो रहा है जिसके कारण मेन रोड तालाब में तब्दील हो गया है दोनों तरफ कीचड़ इकट्ठा हो गई है जिससे ग्रामीणों स्कूल के बच्चों को निकलने में काफी सामना करना पड़ रहा है गांव के प्रधान सफाई व्यवस्था को लेकर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं विकासखंड म्याऊं के अधिकारी भी इन बातों पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं सरकार के द्वारा सफाई को लेकर लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं मगर अधिकारी सफाई की तरफ ध्यान न देकर लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं और सरकार की हर मंशा के विरुद्ध काम कर रहे हैं पता नहीं कब ग्रामीणों को इस कीचड़ युक्त पानी से निजात मिल पाएगी अधिकारी कमरों में बैठकर सिर्फ हवा खा रहे हैं

मगर यहां पर ग्रामीणों का इस रास्ता के द्वारा और अन्य गांव से आने वाले लोगों का निकलना दुश्वार है इस पानी में आए दिन कई लोग मोटरसाइकिल और साइकिल लेकर गिरते रहते है जिसके कारण वह कई बार चोटिल हो चुके हैं रोड पर पानी भरे होने के कारण यह पता नहीं चलता है कि रोड पर गड्ढा है कि पानी मे गड्ढा है गांव के प्रधान इस तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं देखना यह है कि अधिकारी इन बातों पर ध्यान देते हैं कि नहीं या इसी तरीके से हर किसान और ग्रामीणों को इसी गंदे पानी में से होकर निकलना पड़ेगा

# गडीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

## सीएचसी अधीक्षकों को डीएम का सख्त निर्देश , शासन की मंशानुसार जनसामान्य को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएं

अमर ख्याल ब्यूरो

गोंडा । जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में प्रस्तावित एजेंडा के आधार पर यू0पी0एच0एम0आई0एस0 हेल्थ डैशबोर्ड, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, कम्युनिटी प्रोसेस, राष्ट्रीय कार्यक्रम नान कम्युनिकेबल डिजीज, एन0सी0डी0, एन0बी0सी0पी0, आर0एन0टी0सी0पी0, पी0एम0एम0वी0वाई0, नियमित टीकाकरण, वैक्सीनेशन, जननी सुरक्षा व मातृ वंदना योजना के तहत भुगतान की स्थिति, आशा इन्सेन्टिव, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, ओपीडी व आईपीडी की स्थिति, प्राथामिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सीएचसी पर बेडों की ऑक्यूपेंसी की स्थिति तथा वित्तीय समीक्षा सहित अन्य योजनाओं की जिलाधिकारी द्वारा गहन समीक्षा की गई। बैठक में



राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत माह सितंबर 2022 का भ्रमण एवं परीक्षण प्रगति की समीक्षा की गई, इसके साथ ही एनआरसी में भर्ती बच्चों की समीक्षा की गई, आरसीएच पोर्टल फीडिंग के स्टेटस की समीक्षा की गई, एनपीसीडीसीएस की समीक्षा की गई, राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा की गई, राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिक्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम आदि सभी की समीक्षा कर संबंधी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समय से कार्य कराना सुनिश्चित करे बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुसार जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए सभी सीएचसी अधीक्षक सीएचसी पर ही निवास करें तथा संस्थागत प्रसव एवं विभिन्न प्रकार के टीकों को समय से लगवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने खराब परफॉरमेंस वाले सीएचसी अधीक्षकों को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि वे एक सप्ताह में अपने से संबंधित कार्यक्रमों में प्रगति लाएं अन्यथा उनके द्वारा कठोर एक्शन लिया जाएगा इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, सी0एम0ओ0 डॉक्टर रश्मि वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सीएमएस महिला अस्पताल, डीपीएम अमर नाथ, जिला मलेरिया अधिकारी, डीसीपीएम डा0 आरपी सिंह, समस्त सीएचसी अधीक्षक, सहित डब्ल्यू0एच0ओ0 यूनिसेफ के अधिकारी एवं समस्त सी0एच0सी0 अधीक्षक तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे

## एक युवक अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार



अमर ख्याल

बदायूँ । अलापुर - जनपद बदायूँ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ ओ पी सिंह के कुशल निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक नगर अमित किशोर श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी दातागंज कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान एवं गिरफ्तारी व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वस्तु स्थान व गिरफ्तारी अभियुक्त आदि के अंतर्गत दिनांक 20.10.2022 को थाना अलापुर पुलिस द्वारा 1 नफर अभियुक्त समीर उर्फ समियुदीन पुत्र सलीमुदीन निवासी ग्राम तालगाव थाना मुसाझाग जिला बदायूं को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 01अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 2 अदद 315 बोर जिन्दा कारतूस बरामद हुए जिसके संबंध में थाना अलापुर पर आर्म्स एक्ट मे मुकदमा पंजीकृत किया गया

## राजकीय महाविद्यालय अमर उजाला फाउंडेशन द्वारा पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया



अमर ख्याल

बदायूँ । राजकीय महिला विद्यालय थाना कोतवाली में अमर उजाला फाउंडेशन द्वारा पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डॉ ओपी सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्राओं से वार्ता की गई तथा उनको महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया व महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर के संबंध में जागरूक किया गया तथा महिला हेल्प-डेस्क के संबंध में भी जानकारी दी गई बालिकाओं की सुरक्षा,सम्मान,स्वाबलंबन के विषय में चर्चा की गई व महिला हेल्पलाइन नंबर 181,वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076,आपातकालीन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102,एंबुलेंस नंबर 108, अग्निशमक हेल्पलाइन न.101 व साइबर अपराध/धोखाधड़ी हेल्पलाइन नंबर 1930,155260 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया व सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं से भी अवगत कराया गया

## एक वांछित अभियुक्त को सवा दो किग्रां चांदी के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया



अमर ख्याल

बदायूँ- जनपद बदायूँ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री डा ओपी सिंह के निर्देशन एवं श्री अमित किशोर श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल पर्यवेक्षण तथा श्री आलोक मिश्र क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व मे चलाये जा रहे अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान केअन्तर्गत दिनाँक 20-10-2022 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमे मे वांछित अभियुक्त गुड्डू उर्फ इमरान उर्फ गंजा पुत्र अहमद हुसैन निवासी नगला शर्की थाना सिविल लाइन हाल निवासी मौहल्ला हकीमवाडा थाना कोतवाली बदायूँ को माननीय न्यायालय सीजेएम महोदय से मुकदमा उपरोक्त मे माल बरामदगी हेतु पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड पर जिला कारागार बदायूँ से लाकर अभियुक्त की निशादेही पर करीब 2.250 किलोग्राम चांदी सम्बन्धित मुकदमे की बरामद की गयी अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है जिनका लम्बा अपराधिक इतिहास है अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि हम लोग अच्छी अच्छी कालोनी मे दिन मे मोटर साईकिल से घूम फिर कर देख लेते है किस मकान पर ताला लगा हुआ है रात मे उसी बन्द मकान का ताला तोडकर या छत के रास्ते से मकान मे दाखिल होकर कीमती समान जैसे ज्वैलरी नकदी एव सोने चांदी के बर्तन आदि चोरी कर लेते है और उपरोक्त सराफो को बेंच देते है जिस मकान मे दाखिल होते है वहा आसपास की लाईट बुझा देते है मेरे सभी साथी पूर्व मे ही जेल जा चुके है मैं उस दिन मौके से फरार हो गया था पुलिस कस्टडी रिमाण्ड मे लिये गये अभियुक्त का विवरण गुड्डू उर्फ इमरान उर्फ गंजा पुत्र अहमद हुसैन निवासी नगला शर्की थाना सिविल लाइन हाल निवासी मौहल्ला हकीमवाडा थाना कोतवाली बदायूँ बरामदगी का विवरण- चाँदी करीब 2.250 कि0ग्रा0 (सवा दो किलो)

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 60 वर्षीय महिला की मौत

अमर ख्याल राहुल कुमार

रामपुर। पटवाई/तहसील मिलक क्षेत्र की महिला पटवाई से रामपुर अपने घर जा रही थी कि अचानक रहटगंज गांव पर अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना गुरुवार दोपहर करीव 1 बजे की है मिलक थाना क्षेत्र के गांव मंसूरपुर गांव की रहने वाली नूरजहां पति रियासत अपनी पत्नी नूरजहां को किसी काम के लिए पटवाई आए हुए थे पटवाई से सीधे रामपुर के लिए जा रहे थे की पटवाई थाना क्षेत्र के गांव रहटगंज पर पहुंचे ही थे शाहबाद की ओर से तेज गति से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया जिससे रियासत तो बच गया लेकिन उनकी पत्नी नूरजहां की मौके पर ही मौत हो गई। हलका दरोगा संतोष कुमार ने बताया कि महिला अपने मायके मंसूरपुर गांव अपने पति के साथ आई हुई थी कि मंसूरपुर से ही रामपुर के लिए किसी काम के लिए जा रही थी कि अचानक किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें रहटगंज गांव पर टक्कर मार दी जिससे महिला की मौत हो गई अभी पति के द्वारा थाने में कोई तहरीर हमें प्राप्त नहीं हुई है तहरीर प्राप्त होने के बाद ही कोई कार्रवाई की जाएगी

# नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव 2022 का आयोजन संपन्न



अमर ख्याल , मनोज त्रिपाठी

प्रयागराज। नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव 2022 का आयोजन गुरुवार को जिला पंचायत परिसर सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि दिनेश उपाध्याय,प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। केंद्र की जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय द्वारा सभी अतिथियों एवं निर्णायक मंडल सदस्यों का स्वागत करते केंद्र की गतिविधियों व जिला युवा उत्सव 2022 के कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की थीम राष्ट्रीय एकता एवं एकजुटता रही। मुख्य अतिथियों का स्वागत गान सुश्री समीक्षा द्वारा मनमोहक ढंग से किया गया। कार्यक्रम में कुल 6 गतिविधियां युवा भाषण , युवा संवाद, युवा कलाकृति - पेटिंग, मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता, काव्य लेखन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। निर्णायक मंडली सदस्यों डॉक्टर मंजू सिंह, चित्रा पांडेय, वंदना पांडेय,कमलेश दुबे, मानस सांकृत्यायन, ओम प्रकाश मिश्र, चंद्रमणि मिश्र, महेश द्विवेदी, रमाशंकर शुक्ला, राजेंद्र त्रिपाठी, डा ० संगीता, डा ० अनुभा श्रीवास्तव, प्रो ० संतोष , यूथ कॉर्नर मैगजीन के संपादक बृजेश पाठक एवं किंजल, शरद मालवीय ने अलग अलग विधाओं पर अंक प्रदान करते हुए विजेता घोषित किए। समापन समारोह में प्रयागराज की सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी जी ने सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये तथा स्वागत गान की समीक्षा की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए आशीर्वचन दिए। कविता पाठ व लेखन में प्रथम प्रयांशु उपाध्याय, द्वितीय निर्मल पांडेय व तृतीय आंचल व चित्र कला प्रतियोगिता में प्रथम खुशबू, द्वितीय श्रद्धा व तृतीय शालिनी ने स्थान प्राप्त किए । इसी प्रकार मोबाइल फोटोग्राफी में प्रथम आशुतोष, द्वितीय हिमांशु व तृतीय आशीष रहे, जिन्हें प्रथम पुरस्कार 1000/-द्तीय 750/- तथा तृतीय पुरस्कार मे 500/- रुपए, एक एक दीवार घड़ी व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम कोराओं के प्रशांत त्रिपाठी, द्वितीय स्थान बहरिया की स्मिता कुशवाहा तथा तृतीय स्थान प्रिया मिश्रा को मिला , जिन्हें क्रमशः 5000, 2000 तथा 1000 रुपए, एक एक दीवार घड़ी व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम विजेता विशाल जैन और टीम, द्वितीय समीक्षा की टीम व तृतीय स्पियरहेड टीम यशी की टीम रही, जिन्हे क्रमशः 5000, 2500, 1250 व रुपए व पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण बिंदु रहे युवा संवाद भारत @2047 में उत्कृष्ट 4 युवाओं क्रमशः नंदिनी, पीयूष, तुषार, आकांक्षा का चयन किया जिसमें सभी को 1500, एक एक दीवार घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम के सम्पूर्ण प्रबंधन में केंद्र के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक अदनान खान का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम का संचालन चंद्रमणि मिश्र ने किया, मंच व्यवस्था में गुलाब शुक्ला एवं राम अवध कुशवाहा ने भूमिका अदा की। स्वयं सेवकों अमन, रितिका, निर्मल, गुड़िया, हिमांशु, कुलदीप, बल्लभ, रोशनी, अंजू, ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न

## कार्यों में लापरवाही बरतने पर प्रतापपुर के एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा डीपीएम को नोटिस देने के दिए निर्देश

मनोज त्रिपाठी

प्रयागराज। मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने शौचालयों के जिओ टैगिंग की प्रगति की समीक्षा करते हुए 40 प्रतिशत से कम जिओ टैगिंग करने वाले एडीओ पंचायत जसरा, सहसों, धनूपुर और शंकरगढ़ को वेतन रोकने के निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने अच्छा कार्य करने वाले एडीओ पंचायत चाका, सोरांव को प्रशस्ति पत्र देने का निर्देश दिया है। कार्यों में लापरवाही बरतने पर प्रतापपुर के एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा डीपीएम को नोटिस देने के भी निर्देश दिये है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के अन्तर्गत शौचालय निर्माण हेतु आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष कार्य की प्रगति, शौचालय निर्माण हेतु प्रेषित प्रथम किस्त के उपभोग तथा उसके सापेक्ष द्वितीय किस्त की विकास खण्ड द्वारा मांग की



प्रगति, शौचालय निर्माण के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष चयनित किये गये पात्र लाभार्थिंयों को प्रथम एवं द्वितीय किस्त की आवंटित शौचालय निर्माण की धनराशि का अनुमोदना, एस०एल०डब्लू०एम० के तहत प्रथम चरण में चयनित 38 ग्राम पंचायतों में कराये जा रहे सोखता गड्ढ़ा, खाद गड्ढ़ा, सेग्रिगेशन शेड निर्माण एवं कूडा गाड़ी क्रय की प्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## बारा पुलिस द्वारा अपहरण के मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अमर ख्याल**

**बारा ( प्रयागराज )** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद प्रयागराज के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक यमुनापार व क्षेत्राधिकारी बारा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बारा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार मय पुलिस टीम द्वारा थाना बारा में पंजीकृत मुकदमा में वांछित अभियुक्त प्रमोद कुमार वसोर उर्फ वेटऊ पुत्र सोहन लाल निवासी 12/82 एनएक्स 27 रोड चक ट्रेड चाकघाट थाना चाकघाट जिला रीवा म०प्र० को गन्ने तिराहा थाना क्षेत्र बारा से गिरफ्तार कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। बता दें कि अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ के लिए थाना बारा पुलिस द्वारा लगातार अभियान जारी है ।बारा थाना प्रभारी ने बताया कि आगामी त्यौहार दीपावली के मद्देनजर थाना क्षेत्र में सघन अभियान जारी है ।किसी भी तरह के अपराध एवं अपराधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## पूर्व मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों से मिलकर जानी समस्या अधिकारी को किया निर्देशित



**अमर ख्याल , मुकेश पाण्डेय**

**सिद्धार्थनगर ।** आज उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री डॉ० सतीश द्विवेदी ने गृह जनपद सिद्धार्थनगर के विधानसभा क्षेत्र इटवा के खुनियांव ब्लॉक के बाढ़ प्रभावित गाँव डडवा, दुवायल, तिघरा, तिघरी, नारायनपुर, गोल्हौरा पाठक, पचमोहनी, महुआ पाठक, पेदा नानकार, खुरहूर्बन्दी, एकडेंगवा, पलटी, पलटा, दुफेडिया, गौरा, देवभरिया और मनखोरिया आदि के लोगों के बीच पहुँचकर उनका कुशलक्षेम पूछा और तहसील प्रशासन से अतिशीघ्र बाढ़ राहत सामग्री वितरित कराने, फसलों को हुई क्षति तथा बाढ़ से गिरे हुए घरों का सर्वे कराकर अतिशीघ्र क्षतिपूर्ति दिलाने का प्रबंध करे। डॉ द्विवेदी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बात कर उक्त गाओं में फॉगिंग कराने तथा चिकित्सकों की टीम भेजने को भी कहा।

## पशुओं को नही लग रहा लम्पी रोग का टीका, पशु हो रहे बीमार



**लालापुर ( प्रयागराज )** पशुओ की फैल रही बीमारी को रोकथाम के लिए जितना सरकार सजग है उससे चार गुना पशु चिकित्सक उदासीन नजर आ रहे हैं ।क्षेत्र के कई गांवों में वर्षों से नही लगा टीका ।लम्पी बीमारी का टीका तो कोसो दूर की बात है ।समय पर खुर पका,मुंहपका लगवाने का ग्रामीण इंतजार करते रहे नही पहुँचे पशुशाला पशुचिकित्सक ।क्षेत्र से सटे बगल चित्रकूट में लम्पी बीमारी की पशुओ में लक्षण पाये गये थे वहां से पशु ब्यापारी का पशु लेकर आना जाना लगा रहता है ।अगर समय पर टीका नही लगाया गया तो पशुओ की बीमारी की रोकथाम करना मुश्किल होगा ।मझियारी तरहार प्रधान प्रति निधि उमाशंकर मिश्रा, घूरी प्रधान प्रतिनिधि गोपाल पाण्डेय,गोबरा प्रधान प्रतिनिधि मिलन प्रजापति ने बताया कि अभी तक मझियारी, घूरी तरहार, गोबरा तरहार के गांवो में टीका नही लगा ।वही महेरा प्रधान के बार बार फोन करने पर उस गांव में टीका किसी तरह लगा ।ग्रामीणों ने सरकार से मांग किया है कि खतरनाक बीमारी का टीका हर पशुओ को जरूर लगवाए ताकि किसी पशु की इस बिमारी से मौत न होने पाए ।क्या है लम्पी वायरस लम्पी वारस पशु में पाया जाने वाला एक खतरनाक वायरस यह मक्खियों और मच्छरों की कुछ प्रजातियों और टिक्स द्वारा एक पशु के शरीर से दूसरे पशु के शरीर तक यात्रा करता है। लंबी वायरस से संक्रमित पशुओं को तेज बुखार आने के साथ ही उनकी भूख कम हो जाती है इसके अलावा चेहरे गर्दन थूथन पलकों समेत पूरे शरीर में गोल भरी हुई काकी बन जाती है साथ ही पैरों में सूजन लंगड़ा पनऔर नरपत वूमेन नर पशुओं में काम करने की क्षमता कम पड़ जाती है जिससे कई बार पशुओं की मौत भी हो जाती है।

वही नीलम सिंह पशुचिकित्सक चिल्ला गोहानी ने बताया टीका गांवो में लगना शुरू हो गया है ।डॉक्टर मित्र गांवो में टीका लगा रहे है ।स्टाफ के कमी की वजह से देरी हो रही है ।अब देखना ए है डॉक्टर मित्र प्राइवेट होते है महंगा इंजेक्शन सरकारी होता है इनकी कोई जवाबदेही सरकारी तौर पर नही होती है ।कही ऐसा तो नही सिर्फ अपने नजदीकी चहेतो के पशुओ को टीका लगाकर सरकार के लक्ष्य को पूरा कर दे और गांव के पशुओं में बीमारी फैल जाय

## नगर पालिका की बड़ी लापरवाही गांव में बन रहे टंकी की जगह बोरिंग को खुले में छोड़ने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

### बोरिंग के गड्ढे में बच्चों के गिरने ग्रामीणों को डर

### 400 फीट गहरा गड्ढा खोदकर छोड़ दिया नगरपालिका ने बच्चा गिरा इसका जिम्मेदार कौन



**अमर ख़्याल। राहुल कुमार**

**रामपुर। पटवाई/** थाना क्षेत्र के रजोड़ा गांव में बड़ी टंकी पानी की लगनी है। जिसका कार्य 1 महीने से ज्यादा समय से चल रहा है लेकिन नगरपालिका के कर्मचारियों ने बड़ी लापरवाही करते हुए गांव लग रही पानी की टंकी की जगह बोरिंग 400 फीट गहरे किए जा रहे हैं लेकिन 400 फीट गहरे गड्ढे खुले छोड़ दिए हैं ग्रामीणों ने इन गड्ढों को पाटने या उसे बंद करने को ग्राम प्रधानपति राजकुमार से कहा लेकिन ग्राम प्रधान ने इस बात को हवा में उड़ाते हुए कोई ध्यान नहीं दिया इसकी शिकायत कई सारे लोगों ने मिलकर ग्राम प्रधान से कहा लेकिन ग्राम प्रधान साफ मना कर दिया कि यह कार्य मेरे अंडर में नहीं है उसका जिम्मेदार मैं नहीं हूं अपने बच्चों को संभाल के रखो। ग्रामीणों ने मिलकर अपनी आवाज प्रशासन तक पहुंचाने के लिए दैनिक जागरण समाचार पत्र का सहारा लिया। और अपनी बात प्रशासन तक पहुंचाने के लिए इस गांव के रहने वाले सेवाराम, द्वारकी ,गंगाराम ,रूप बसंत ,भगवान दास ,विजेंद्र, कृष्णपाल ,राजीव ,राहुल आदि लोगों ने। कहां की जहां पर पानी की टंकी लग रही है उसी जगह पास में आंगनवाड़ी केन्द्र भी है उसमे बच्चे भी पढ़ते हैं। लंच के टाइम बच्चे उस जगह खेलने के लिए जाते हैं डर है कि कहीं नगर पालिका की बड़ी लापरवाही के चलते उस गड्ढे में कोई बच्चा गिर ना जाए कोई अनहोनी ना हो जाए। जिसकी गहराई 400 मीटर ग्रामीणों ने बताइए सेवाराम ने बताया कि अगर इस गड्ढे में कोई बच्चा गिर गया तो निकलना मुश्किल हो जाएगा यह नगर पालिका की और ग्राम प्रधान की बड़ी लापरवाही है रजोड़ा गांव के ग्राम प्रधान पति राजकुमार ने बताया कि यह हमारे कार्य में नहीं आता इसका जिम्मेदार नगरपालिका है इसमें हम कुछ नहीं कर सकते

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बिजौरा में वितरण किया गया बाढ़ राहत सामग्री



**अमर ख्याल , मुकेश पाण्डेय**

**सिद्धार्थनगर ।** तहसील इटवा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम बिजोरा में वितरण किया गया बाढ़ राहत सामग्री जिसको सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश तिवारी चौकी इंचार्ज बिजौरा प्रधान बिजोरा प्रधान प्रतिनिधि बिजोरा प्रणवीर अग्रहरि तथा लेखपाल सौरभ तिवारी की मौजूदगी में वितरण किया गया आपको बताते चलें कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र बिजोरा के विशुनपुर बेलवा बिजोरा में भीषण बाढ़ के कारण यह सब गांव मैरून्ड किए गए थे मैरून्ड किए गए गांव में बाढ़ राहत सामग्री वितरण किया गया

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्र सिंगार जोत में वितरण किया गया राहत सामग्री



**अमर ख्याल , मुकेश पाण्डेय**

**सिद्धार्थनगर ।** ब्लॉक भनवापुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिंगार जोत में वितरण किया गया बाढ़ राहत सामग्री आप को बताते चलें कि राप्ती नदी के उफान से आयी बाढ़ से जिले के क ?इ गांव जलमग्न हो गए थे इसी क्रम में सिंगार जोत में सरकार द्वारा बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र में बाढ़ राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है और वितरण किया जा रहा है इसी क्रम में सिंगार जोत ग्राम पंचायत में आज लेखपाल अमर दीप चौधरी प्रधान प्रतिनिधि छैल बिहारी तथा भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र संयोजक अजय यादव युधिष्ठिर यादव आदि की मौजूदगी में वितरण किया गया

# साजिद खान के खिलाफ शर्लिन ने दर्ज कराई शिकायत



## अनुराग ठाकुर को भेजा खत- बिग बॉस का टेलिकास्ट रोकें

बिग बॉस 16 में बतौर कंटेस्टेंट आए साजिद खान को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। अब डायरेक्टर के खिलाफ एक्ट्रेस शर्लिन चोपड़ा ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत दर्ज करवाने के बाद शर्लिन ने मीडिया से बात की और बताया कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से भी बात की है कि जब तक बिग बॉस से साजिद को निकाला नहीं जाता तब तक शो के टेलिकास्ट को रद्द कर दिया जाए। शर्लिन का वीडियो विरल भयानी ने शेयर किया है। वीडियो में शर्लिन कहती हैं, जो मीटू आरोपी हैं साजिद खान, मैं उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करने आई हूं। इसके बाद शर्लिन कहती हैं, देखिए काफी समय से हम बिग बॉस से रिक्वेस्ट कर रहे थे कि साजिद को शो से बाहर किया जाए। लेकिन हमारी रिक्वेस्ट को नजरअंदाज किया जा रहा है। हमारी पीड़ा को खारिज कर रहे हैं। अब हमने हमारे केंद्री मंत्री अनुराग ठाकुर को पत्र भेजकर रिक्वेस्ट की है कि वह बिग बॉस शो का टेलिकास्ट रद्द कर दें। जब तक की साजिद को शो से निकाला नहीं जाता, इस शो को बंद कर देना चाहिए। विवाद के इतने बढ़ने के बाद क्या अब मेकर्स शो से साजिद को बाहर करेंगे। वैसे बता दें कि सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने भी रिक्वेस्ट की है कि साजिद को बाहर कर दिया जाए। इतना ही नहीं उन्होंने शो के मेकर्स के साथ-साथ सलमान खान को भी काफी ट्रोल किया था क्योंकि साजिद, सलमान खान के दोस्त हैं। तो देखते हैं कि सलमान अब अपने दोस्त को शो में रख पाएंगे या नहीं। ऐसी रिपोर्ट्स थीं कि साजिद खान को शो से एविक्शन के जरिए बाहर निकाला जाएगा। ऐसा हो सकता है कि अपकमिंग वीकेंड का वार में साजिद को एविक्शन के लिए नॉमिनेट करके फिर कम वोट्स का कारण देकर उन्हें शो से बाहर कर दें। हालांकि ये खबर कितनी सच है कितनी झूठ इसके बारे में हम कमेंट नहीं कर सकते।



## वेश्या समाज से आईं नटी बिनोदिनी का किरदार निभाएंगी

# कंगना रनौत



कंगना रनौत ने हाल ही में अनाउंसमेंट की है कि वह एक नई बायोपिक करने वाली हैं जिसमें वह बंगाल की पॉपुलर थिएटर आर्टिस्ट नटी बिनोदिनी का किरदार निभाएंगी। कंगना की इस अनाउंसमेंट के बाद सभी नटी बिनोदिनी के बारे में और जानना चाहते हैं। नटी बिनोदिनी का जन्म कोलकाता में वेश्यावृति समाज में हुआ था। नटी ने एक्टिंग में अपने करियर की शुरुआत 12 साल की उम्र में की थी और 23 साल की उम्र में उन्होंने काम करना छोड़ दिया। नटी का परिवार काफी गरीब था और ऐसा कहा जाता है कि वे प्रॉस्टिट्यूशन में भी शामिल थे। इतना ही नहीं नटी ने अपनी बायोग्राफी में खुद को भी प्रोस्टिट्यूट कहा है। नटी की शादी 5 साल की उम्र में हो गई थी, लेकिन फिर उनका पति से कोई कनेक्शन नहीं रहा। नटी ने ग्रेट नेशनल थिएटर में द्रौपदी के छोटे रोल से डेब्यू किया था। उन्होंने बंगाल थिएटर में भी काम किया था। इसके बाद नटी ने फेमस एक्टर और प्ले राइटर गिरी चंद्र घोष से एक्टिंग सीखी और फिर 1883 में दोनों ने मिलकर स्टार थिएटर की शुरुआत की। एक अच्छी एक्ट्रेस होने के बावजूद नटी को समाज द्वारा काफी नेगेटिविटी का सामना करना पड़ा था। नटी को राइटिंग भी बहुत पसंद थी और उन्होंने खुद की ऑटो बायोग्राफी अमर कथा भी लिखी। इसके अलावा उन्होंने कई कविताएं और कहानियां भी लिखी थीं। ऐसा कहा जाता है कि नटी को अपनी जिंदगी में कई धोखे मिले और इसके बाद ही उन्होंने थिएटर से मुंह मोड़ लिया है। इतना ही नहीं, उनकी एक बेटी भी थी, लेकिन 12 साल की उम्र में वो भी दुनिया छोड़कर चली गई। वहीं नटी का निधन 41 की उम्र में हो गया था। कंगना लगता है बायोपिक फिल्मों पर ज्यादा फोकस कर रही हैं। जयललिता के बाद कंगना अब फिल्म इमरजेंसी में नजर आएंगे जो इंदिरा गांधी पर आधारित है। वहीं इसके बाद वह फिर नटी की बायोपिक में दिखेंगी। नटी बिनोदिनी को प्रदीप सरकार बना रहे हैं जिन्होंने परिणीता जैसी शानदार फिल्म बनाई। इस फिल्म को लेकर कंगना का कहना है कि मैं प्रदीप सरकार जी की बड़ी फैन हूं और इस मौके को पाकर काफी खुश हूं। इसके साथ ही ये मेरी राइटर प्रकाश कपाड़िया जी के साथ पहली फिल्म है। मैं इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हूं क्योंकि इसके जरिए मुझे कई शानदार आर्टिस्ट के साथ काम करने को मिलेगा।



## जापान में होगा आरआरआर का प्रीमियर

दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट होने के बाद राम चरण और जूनियर एनटीआर की मुख्य भूमिकाओं वाली एसएस राजामौली की एक्शन महाकाव्य फिल्म आरआरआर अब 21 अक्टूबर को जापान में प्रीमियर के लिए तैयार है। फिल्म आरआरआर भारत की सबसे कामयाब फिल्मों में से एक हैं। भारतीय दर्शकों सहित पूरी दुनिया में फिल्म को खूब पसंद किया गया। राजामोली, जूनियर एनटीआर और राम चरण रिलीज से पहले जापान पहुंचे। फिल्म की कास्ट ने अपने फैंस से भी मुलाकात की। सोशल मीडिया पर समय-समय पर तस्वीरें और वीडियो ट्रेंड कर रहे हैं और हैशटैग आरआरआर इन जापान वायरल हो रहा है। जापान में प्रशंसकों के साथ राम चरण की मुलाकात और साथ में लंच की तस्वीरें आपका दिल जीत लेंगी। राम चरण ने प्रशंसकों के साथ तस्वीरें क्लिक करवायी उन्होंने मुस्कुराते हुए तस्वीरों के लिए पोज दिया। उन्हें लाल रंग की चेकर्ड शर्ट और डेनिम पहने देखा गया।

### राम अल्लादी की फिल्म 'पेज' का टीज़र रिलीज़

यूयॉर्क स्थित एनआरआई फिल्म निर्माता, राम अल्लादी अपनी फिल्म चिजल्ड़' के साथ निर्देशक बने। अपनी इस पहली ही फिल्म के लिए उन्होंने 11 अतंरराष्ट्रीय परुस्कार जीते। इसके बाद उनकी ऐक और फ़िल्म 'रा मेटानोइया' ने भी 14 अतंरराष्ट्रीय परुस्कार जीते। अब वे ऐक और विशिष्ट फ़िल्म 'नभामसी' बना रहे है जो सस्कृत भाषा में हैं। वर्तमान में राम अल्लादी अपनी ऐक महत्वकांक्षी



हिंदी फ़िल्म के सम्पादन में व्यस्त है; जिसका नाम 'पेज' है। यह फिल्म हिंदी भाषा केअलावा तेलुगु ,तमिल, बंगाली और अंग्रेजी भाषाओं में बनाई जा रही है। यह एक महिला प्रधान फिल्म हैऔर इसमें कल्पना तिवारी की अहम भमिूमिका है। फिल्म के बारे में बात करते हुए, राम अल्लादी नेकहा, मेरी फ़िल्म का मख्य आधार है देश की आज़ादी और महिला स्वतंत्रता  बहुत कुछ खोकर हमने अपने देश की आज़ादी पायी है लेकिन हम और हमारा समाज उसकीकितनी कद्र कर रहा है? मूल कहानी आजादी के बाद ऐक राजनीतिक परिवार के इर्द-गिर्द घमूती है जो आजादी के बाद के घटनाक्रम से प्रभावित है। इसमें बांग्लादेश से सबंधित एक दास्तान भी है और जो तेलंगाना से भी जड़ुी हुई है। यह एक शद्ध कला फिल्म है। यह फिल्म मुख्य रूप से महिलाओं और स्वतंत्रता की अवधारणा के इर्द-गिर्द घमूती है। मैं इस फिल्म मेंअपना एनआरआई का नजरिया ला रहा हूं। इस फिल्म में कल्पना और तीन अन्य महिलाएं मुख्य भमिूमिका में हैं। फिल्म की शटिूगं हैदराबाद, वारंगल और आसपास के इलाकों में की गई है। फिल्म की मुख्य सपंत्ति कहानी, पटकथा, छायांकन और संगीत रचना होगी। इस फिल्म में कलाकार हैं कल्पना तिवारी, पंकज मुंशी, आनंद रंगराजन, शिल्पा दास, सामंथा मुखर्जी, विजय मैरी, मधु, अरुणश्री सादुला, प्रसाद कमलानाभा, रवि वाइड, निहारी मंडल, आनंद किशोर, दाऊद हैं ।

### रूढ़ियों के परे जाकर कुछ सोचने में अच्छाई : समीरा रेड्डी

बॉलीवुड अभिनेत्री समीरा रेड्डी का कहना है कि समाज को प्रेरित करने की ताकत ब्रांड में होती है। जब रूढ़ियों के परे जाकर वेस्टसाइड जैसा फैशन ब्रांड कुछ सोचता और कहता है तब बहुत ही अच्छा लगता है। लिमिटलेस जैसे प्रभावकारी कैम्पेन का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। बता दें कि वेस्टसाइड ने समीरा रेड्डी और साक्षी सिंदवानी के साथ लिमिटलेस कैम्पेन शुरू किया है। शरीर के प्रति सकारात्मकता और सर्वसमावेशकता के बारे में जागरूकता पैदा करना ब्रांड का उद्देश्य है।

## शालीन से पहले किसी पर जान छिड़कती थीं

# टीना दत्ता



बिग बॉस कंटेस्टेंट टीना दत्ता इन दिनों खूब छाई हुई हैं। शो में उनका शालीन भनोट के साथ काफी गहरा बॉन्ड बनता जा रहा है। सभी को लग रहा है कि दोनों का रिलेशनशिप शुरू हो रहा है। दोनों एक-दूसरे के साथ फ्लर्ट भी करते हैं। हालांकि इन दिनों दोनों के बीच अनबन होती जा रही है। खैर अब हम आपको टीना की लाइफ का एक कड़वा सच बताते हैं। बता दें कि टीना इससे पहले एक ऐसे शख्स के साथ रिलेशनशिप में रही हैं जिन्होंने उन्हें काफी दुख पहुंचाया। इतना ही नहीं वह टीना के साथ मारपीट भी करता था। टीना ने दरअसल बॉम्बे टाइम्स से बात करते हुए बताया था कि वह कभी अपने रिलेशनशिप के बारे में बात नहीं करना चाहती थीं, लेकिन अब उन्हें लगा कि इस बारे में बात करनी होगी। टीना ने बताया कि उनका रिश्ता काफी खराब था। उस रिश्ते में वह फिजिकली, इमोशनली नुकसान झेल रही थीं। उन्होंने कहा कि वह पहले सोचती थीं कि रिलेशनशिप कैसे भी चले। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। टीना ने कहा था, मैं एक नॉन इंडस्ट्री के लड़के के साथ 5 साल से रिलेशनशिप में थीं। हम कॉमन फ्रेंड्स के जरिए मिले थे। लेकिन फिर इस रिश्ते को खत्म कर दिया गया क्योंकि वह मारता था और गलत भी बोलता था। टीना ने यह भी कहा था कि वह शख्स उन्हें उनके दोस्तों के सामने मारता था। टीना ने कहा था, वह मुझे इतना मारता था कि मेरा कॉन्फिडेंस भी खत्म हो गया था। हालांकि एक्ट्रेस ने यह भी कहा था कि वह अब सैटल होना चाहती हैं। हालांकि वह इंडस्ट्री के किसी लड़के से शादी नहीं करेंगी।

# जाह्नवी कपूर

## ने बहन को दी खास सलाह



जाह्नवी कपूर बॉलीवुड की यंग एक्ट्रेसेस में से एक हैं। साल 2018 में बॉलीवुड डेब्यू करने के बाद आज जाह्नवी एक खास मुकाम तक पहुंच गई हैं। जाह्नवी के बाद अब उनकी बहन खुशी कपूर भी बॉलीवुड में एंट्री लेने के लिए तैयार हैं। वहीं इससे पहले जाह्नवी ने अपनी छोटी बहन को एक खास सलाह दी है। हालांकि ये सलाह प्रोफेशनल लाइफ से कम पर्सनल लाइफ से ज्यादा जुड़ी है। जाह्नवी ने कहा कि उन्होंने अपनी बहन को कहा है कि कभी किसी एक्टर को डेट मत करना। अब क्या ये सलाह जाह्नवी ने अपने खुद के एक्सपीरियंस को लेकर कहा है, इस बारे में पता नहीं। दरअसल, फिल्म कम्पैनियन को दिए इंटरव्यू के दौरान जाह्नवी से पूछा कि वह अपनी बहन को एक खास सलाह क्या देना चाहेंगी तो उन्होंने कहा, कभी किसी एक्टर को डेट मत करना। मुझे लगता है कि जिस तरह से मैं और खुशी हैं, हमारे लिए यही बेहतर है। जाह्नवी के इस स्टेटमेंट से ऐसा लग रहा है जैसे वह पास्ट में ऐसा कर चुकी हैं। इसके अलावा जाह्नवी ने कहा, मैं चाहती हूं कि खुशी को अपनी वैल्यू पता हो फिर चाहे सोशल मीडिया पर कोई आपको कुछ भी कहे। आपको अपना बेस्ट देना होगा। बता दें कि  खुशी कपूर जल्द ही जोया अख्तर के अपकमिंग प्रोजेक्ट द आर्चीज से बॉलीवुड इंडस्ट्री में कदम रख रही हैं।



## 19 साल के अब्दु का धड़का अपने से बड़ी निमृत के लिए दिल



बिग बॉस कंटेस्टेंट अब्दु रोजिक को शो में काफी पसंद किया जाता है। शो में सभी उन्हें बहुत प्यार करते हैं। इतना ही नहीं शो के बाहर भी उन्हें काफी पसंद किया जा रहा है। कई सेलेब्स तो शो के बाहर से ही उन्हें खूब सपोर्ट कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से अब्दु, निमृत के साथ खूब फ्लर्ट कर रहे हैं और यही वजह है कि साजिद खान भी निमृत का नाम लेकर अब्दु को चिढ़ाते रहते हैं। वह यह भी कहते हैं कि अब्दु, निमृत से शादी करना चाहते हैं। अब अब्दु का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह शिव ठाकरे और एम सी स्टैन से निमृत के बारे में बात करते हैं। शिव, अब्दु से पूछते हैं कि आपको निमृत के बारे में सोचते हुए पेट में तितलियां उड़ती हैं तो अब्दु हां कहते हैं। फिर अब्दु कहते हैं कि मैं निमृत-निमृत चिल्लाऊंगा कुर्ता फाड़के। फिर अब्दु कहते हैं कि लौंडा जवान हो गया। बता दें कि अब्दु वैसे बिग बॉस के घर की हर लड़कियों के साथ फ्लर्ट करते हैं। कभी टीना दत्ता तो कभी सौंदर्या। वहीं फीमेल कंटेस्टेंट्स भी अब्दु पर खूब प्यार लुटाती हैं। शो में ज्यादातर वक्त अब्दु और साजिद खान साथ होते हैं। दोनों को बिग बॉस टास्क के दौरान साथ में ही टास्क देते हैं। बुधवार के एपिसोड में साजिद और अब्दु सब्जी वाले बनते हैं और उन्हें कंटेस्टेंट्स को अपने हिसाब से सब्जी बांटनी होती है। इस दौरान अब्दु, साजिद के साथ मिलकर खूब मस्ती करते हैं।

## जग्गू की लालटेन को मिल रहा है बेहतर रिस्पांस

दिवाली पर सिनेमा हॉल में जग्गू की लालटेन' जगमगा रही है! पहली सप्ताह में दिल्ली एनसीआर के सभी सिनेमा हॉल से बेहतर प्रदर्शन की रिपोर्ट सामने आ रही है। दर्शकों में इस फिल्म को लेकर काफी उत्साह हैद्य यह बात फिल्म में हरिलाल के भूमिका निभाने वाले और अपने बेहतरीन अभिनय से लोगों के दिलों पर गहरी छाप छोडने वाले अभिनेता नीरज गुप्ता ने फिल्म की कामयाबी पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। अभिनेता-नीरज गुप्ता अपनी फिल्म जग्गू की लालटेन' का प्रचार करने आज नोएडा सेक्टर 63 में किया गया। श्रीहंस कला और कृतियों द्वारा निर्मित और विपिन कपूर द्वारा निर्देशित यह फिल्म 14 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।



क्रिकेट

# दिसंबर में तीन एकदिवसीय और दो टेस्ट खेलने बांग्लादेश जाएगा भारत

**ढाका।** भारत 2015 के बाद पहली बार चार दिसंबर से तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और दो टेस्ट मैच के लिए बांग्लादेश का दौरा किया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ढाका का मीरपुर स्टेडियम चार, सात और 10 दिसंबर को तीन एक दिवसीय मुकाबलों की मेजबानी करेगा। इसके बाद पहला टेस्ट 14 से 18 दिसंबर तक चटगांव में खेला जाएगा। बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन ने बयान में बताया कि दूसरा और अंतिम टेस्ट ढाका में 22 से 26 दिसंबर तक खेला जाएगा। हसन ने कहा, भारत और बांग्लादेश के बीच हाल के समय में कुछ यागदार मुकाबले खेले गए हैं और दोनों देशों के प्रशंसकों को एक ओर यादगार श्रृंखला का बेसब्री से इंतजार है। उन्होंने कहा, मैं कार्यक्रम की पुष्टि के लिए बीसीबी के साथ मिलकर काम करने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड को धन्यवाद देना चाहता हूं। हम बांग्लादेश में भारतीय टीम का स्वागत करने को लेकर उत्सुक हूं। दो मैच की टेस्ट श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक दांव पर लगे हैं। पिछली बार का उप विजेता भारत अभी तालिका में चौथे स्थान पर चल रहा है। फरवरी-मार्च 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट की श्रृंखला 2021-23 चक्र में भारत की अंतिम टेस्ट श्रृंखला होगी। बांग्लादेश के 2015 के दौरे में भारत ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला।-2 से गंवाई थी जबकि एकमात्र टेस्ट ड्रॉ रहा था। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने श्रृंखला के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारत-बांग्लादेश मुकाबले प्रशंसकों के बीच जबर्दस्त दिलचस्पी पैदा करते हैं। दोनों टीम के प्रशंसकों को धन्यवाद। हम जानते हैं कि बांग्लादेश में प्रशंसक कितने भावुक हैं और मुझे यकीन है कि उन्हें सफेद गेंद और लाल गेंद दोनों में शानदार क्रिकेट मुकाबले देखने को मिलेंगे। शाह ने कहा, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक दांव पर लगे होने के कारण दो टेस्ट मैच बहुत महत्वपूर्ण हैं और दोनों टीम जीत के लिए कड़ी मेहनत करेंगी।



# कोहली आपको सिखा सकते हैं कि दबाव की स्थितियों से कैसे निपटना है : पंत

**मेलबर्न।** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का कहना है कि विराट कोहली का अपार अनुभव दबाव की स्थिति से निपटने में मदद करता है। पंत ने साथ ही उम्मीद जताई कि वे पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के टीम के पहले मैच में पूर्व कप्तान कोहली के साथ अपनी बल्लेबाजी साझेदारी फिर बना पाएंगे। टी20 विश्व कप की वेबसाइट ने पंत के हवाले से कहा, वह (कोहली) वास्तव में आपको सिखा सकते हैं कि परिस्थितियों से कैसे निपटना है जिससे भविष्य में आपको अपने क्रिकेट सफर में मदद मिल सकती है। इसलिए उनके साथ बल्लेबाजी करना हमेशा की तरह अच्छा है। उन्होंने कहा, बहुत अनुभव रखने वाले व्यक्ति का आपके साथ बल्लेबाजी करना अच्छा है क्योंकि वह आपको खेल को आगे बढ़ाने और प्रत्एक गेंद में एक रन के साथ दबाव को बनाए रखने के तरीके के बारे में बता सकता है। मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम के नाबाद अर्धशतकों से पाकिस्तान ने पिछले साल टी20 विश्व कप में भारत को 10 विकेट से हरा दिया था। भारत ने सात विकेट पर 151 रन बनाए थे लेकिन पाकिस्तान ने बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया था। पच्चीस साल के पंत ने 39 रन की पारी खेलने के अलावा तत्कालीन कप्तान कोहली के साथ 53 रन जोड़े थे। पंत ने कहा, मुझे याद है कि मैंने हसन अली के एक ही ओवर में दो छक्के मारे थे। हम सिर्फ रन गति बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे क्योंकि हमने शुरुआती विकेट खो दिए थे और हमने साझेदारी की थी।



# क्रिकेट टीम के पाक जाने पर गृह मंत्रालय लेगा फैसला: ठाकुर







➲ ठाकुर ने कहा, भारत में विश्व कप खेलने के लिए क्वालिफाई कर चुकी सभी टीमों को न्योता दिया जाएगा। भारत अब उस स्थिति मे नही है कि किसी की सुनेगा और किसी के पास सुनाने का कोई कारण नही है।

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

खिलाड़ियों की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान में 2023 एशिया कप में भाग लेने के बारे में फैसला गृह मंत्रालय करेगा हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय टीम के जाने की संभावना लगभग नहीं है। एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष और भारतीय बोर्ड के सचिव जय शाह ने कल कहा था कि भारतीय टीम एशिया कप खेलने पाकिस्तान नहीं जाएगी और तटस्थ स्थान पर टूर्नामेंट खेलेगी। इस पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने चेताया था कि ऐसा होने पर 2023 में भारत में होने वाले आईसीसी विश्व कप में उनकी भागीदारी पर असर पड़ सकता है। ठाकुर ने यहां शाह के बयान के बाद पैदा हुए विवाद के बारे में पूछे जाने पर चुनिंदा पत्रकारों से बातचीत में कहा, खिलाड़ियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। भारतीय टीम के एशिया कप में जाने के बारे में फैसला गृह मंत्रालय करेगा। यह पूछने पर कि क्या अगले साल विश्व कप के लिए भारतीय टीम के सरहद पार जाने की संभावना है, ठाकुर ने कहा, संभावनाएं हमेशा रहती है। किस ने सोचा था कि कोरोना आएगा। कुछ भी हो सकता है लेकिन इसकी ज्यादा संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, हम आईसीसी टूर्नामेंटों में पाकिस्तान के साथ खेलते आए हैं लेकिन द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को लेकर हमारा रूख जो पहले था, वह अब भी है।

आतंकवाद के साए में क्रिकेट नहीं खेला जा सकता। यह पूछने पर कि आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी टीमों के पाकिस्तान दौरे के बाद भी सुरक्षा को लेकर आशंकाएं हैं, ठाकुर ने कहा, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत की स्थिति में फर्क है। उन्होंने पांचवें खेलो इंडिया युवा खेलों की मेजबानी मध्यप्रदेश को सौंपे जाने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम से इतर बातचीत में यह बात कही। अगले साल एशिया कप के बाद भारत में 50 ओवरों का विश्व कप खेला जाना है। ठाकुर ने कहा, भारत में विश्व कप खेलने के लिए क्वालीफाई कर चुकी सभी टीमों को न्यौता दिया जाएगा। भारत अब उस स्थिति में नहीं है कि किसी की सुनेगा और किसी के पास सुनाने का कोई कारण नहीं है। हम सभी का स्वागत करेंगे और उम्मीद है कि सभी आएंगे।

# श्रीलंका सुपर 12 में, हार के बावजूद नीदरलैंड भी पहुंचा



**एजेंसी ■ जीलॉन्ग (आस्ट्रेलिया)**

कुसल मेंडिस के 79 रन की मदद से एशियाई चैम्पियन श्रीलंका ने नीदरलैंड को 16 रन से हराकर टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण में प्रवेश कर लिया। हार के बावजूद नीदरलैंड टीम भी सुपर 12 में पहुंच गई क्योंकि यूएई ने ग्रुप ए के आखिरी मैच में नामीबिया को हरा दिया। यह टी20 विश्व कप में यूएई की पहली जीत थी। पहले मैच में नामीबिया से हारी श्रीलंका टीम के लिए मेंडिस ने 44 गेंद में 79 रन की पारी खेली जिसकी मदद से उनकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 162 रन बनाए। जवाब में ग्रुप ए में नामीबिया और यूएई को हराकर नीदरलैंड की टीम नौ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। वानिंदु हसरंगा ने चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि महीष तीक्षणा को दो विकेट मिले। नीदरलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डाउड ने

➲ हार के बावजूद नीदरलैंड टीम भी सुपर 12 में पहुंच गई क्योंकि यूएई ने ग्रुप ए के आखिरी मैच में नामीबिया को हरा दिया।

➲ जवाब में ग्रुप ए में नामीबिया और यूएई को हराकर नीदरलैंड की टीम नौ विकेट पर 146 रन ही बना सकी।

53 गेंद में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 71 रन बनाए। उन्हें हालांकि दूसरे छोर से कोई सहयोग नहीं मिल सका। श्रीलंकाई टीम ग्रुप वन में इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के साथ खेलेगी जबकि नीदरलैंड ग्रुप दो में भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के साथ होगा।



*स्पेन में चल रहे ला लीगा फुटबॉल मैच में बॉल पर नियंत्रण की कोशिश में रीयाल मैड्रिड के टोनी क्रूस एवं एल्चे के टेली मॉरिंटी।*

# पंजाब किंग्स से सहायक कोच के तौर पर जुड़े ब्रैड हैडिन

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

पूर्व आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैड हैडिन 2023 इंडियन प्रीमियर लीग से पहले पंजाब किंग्स से सहायक कोच के तौर पर जुड़ गए हैं। पंजाब की फ्रेंचाइजी ने महान भारतीय अनिल कुंबले की जगह विश्व कप विजेता कोच ट्रेवर बेलिस को नया मुख्य कोच नियुक्त करने के बाद 44 वर्षीय हैडिन को टीम से जोड़ा। हैडिन और बेलिस दोनों सनराइजर्स हैदराबाद में भी साथ ही थे। हैडिन आस्ट्रेलिया के लिए 66 टेस्ट, 126 वनडे और 34 टी20 मैच खेल चुके हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सूत्र ने गुरूवार को पीटीआई से कहा, हैडिन को सहायक कोच नियुक्त किया गया है। जल्द ही बाकी सहयोगी स्टाफ की भी नियुक्ति की जाएगी। कुंबले के अलावा टीम ने सहायक कोच जोंटी रोड्स और गेंदबाजी कोच डेमियन राइट का अनुबंध भी नहीं बढ़ाया था। रोड्स 2020 चरण से पहले पंजाब की टीम से जुड़े थे जबकि राइट इसके एक साल बाद आए थे। टीम पिछले तीन सत्र में प्लेऑफ में भी जगह नहीं बना सकी है, तो प्रबंधन ने कुंबले का अनुबंध नहीं बढ़ाने के अलावा सहयोगी स्टाफ के सदस्यों से भी अलग होने का फैसला किया। पंजाब की टीम बेलिस के मार्गदर्शन में पहला आईपीएल खिताब जीतने की उम्मीद लगाए हैं।

## फिर से जोहोर कप जीतने के लिए टीम में काफी प्रतिभा: कप्तान उत्तम सिंह

**बेंगलुरू।** भारतीय पुरूष जूनियर हॉकी टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने कहा कि पिछली बार करीब से खिताब गंवाने के बाद टीम सुल्तान जोहोर कप में फिर खिताब हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। यह टूर्नामेंट कोविड-19 महामारी के कारण तीन साल बाद आयोजित किया जा रहा है। दो बार की पूर्व चैम्पियन भारत को पिछली दफा टूर्नामेंट के फाइनल में ब्रिटेन से।-2 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा था जबकि टीम ने।-0 से बढ़त बनाई हुई थी। जूनियर टीम के कप्तान ने बुधवार को कुआलालंपुर रवाना होने से पहले कहा, हमने ट्रेनिंग शिविर में कई चर्चाएं की हैं और हमें भरोसा है कि हमारी टीम में खिताब जीतने के लिए काफी प्रतिभा मौजूद है। कोच सीआर कुमार की भारतीय टीम 22 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। टीम को फिर 23 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका, 25 अक्टूबर को जापान, 26 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया और 28 अक्टूबर को गत चैम्पियन ब्रिटेन से भिड़ना है। शीर्ष दो टीमें 29 अक्टूबर को होने वाले फाइनल में एक दूसरे के सामने होंगी। सिंह ने कहा, हमारी टीम टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही मजबूत टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने को लेकर उत्साहित है। हमारे लिए अपनी टीम की परीक्षा लेने का यह अच्छा मौका है जिससे टीम एक इकाई के तौर पर मजबूत होगी।

## एक नजर

### निशानेबाजी चैम्पियन रूद्रांक्ष पाटिल को दो करोड़ रुपए पुरस्कार देगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने मिस्र में संपन्न आईएसएसएफ विश्व निशानेबाजी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले रूद्रांक्ष पाटिल को दो करोड़ रूपए नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। पाटिल ने 14 अक्टूबर को पुरूषों की दस मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता था। वह अभिनव बिंद्रा के बाद यह कारनामा करने वाले दूसरे भारतीय बन गए। उन्होंने इटली के दानिलो डेनिस सोलाजो को स्वर्ण पदक के मुकाबले में 17 . 13 से हराया था।

### मध्यप्रदेश में अगले साल होंगे पांचवें खेलो इंडिया युवा खेल

**नई दिल्ली।** पांचवें खेलो इंडिया युवा खेल मध्यप्रदेश के आठ शहरों में 31 जनवरी से 11 फरवरी 2023 के बीच आयोजित किए जाएंगे जिसकी घोषणा खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने बृहस्पतिवार को यहां की। इस मौके पर ठाकुर ने खेलों की मशाल मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सौंपी। चौहान ने सभी खिलाड़ियों और कोचों को मध्यप्रदेश आने का निमंत्रण देते हुए कहा, अतिथि देवो भव की तर्ज पर खेलों इंडिया का आयोजन मध्यप्रदेश में इस तरह किया जाएगा कि दुनिया याद करेगी। मध्यप्रदेश में खेलों की दिशा में नई क्रांति लेकर आएंगे ए खेल। उन्होंने बताया कि भोपाल में इन खेलों का उद्घाटन होगा और विभिन्न स्पर्धाएं इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, खरगोन, महेश्वर समेत आठ शहरों में आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि खेलों के साथ प्रतिभागियों को मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों, संस्कृति और लोक कलाओं को भी देखने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश में खेलों के साथ जंगल की सैर, पर्यटन स्थलों और लोक कलाओं का आनंद भी सभी खिलाड़ी ले सकेंगे। खेलों के लिए हमने विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार किया है और हमें दस हजार से अधिक प्रतिभागियों के आने की उम्मीद है। खेलमंत्री ठाकुर ने इन खेलों को भारत में खेल संस्कृति के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए।

# हार्दिक पांचवां गेंदबाज बनता है तो पंत और कार्तिक दोनों खेल सकते हैं : गावस्कर

**एजेंसी ■ मुंबई**



महान सुनील गावस्कर का मानना है कि आगामी टी20 विश्व कप में अगर हार्दिक पंड्या को भारत पांचवां गेंदबाजी विकल्प बनाता है तो दिनेश कार्तिक और ऋषभ पंत दोनों को अंतिम एकादश में खिला सकता है। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम रविवार को अपने अभियान की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। टीम इंडिया के पास विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में पंत और कार्तिक विकल्प हैं। भारतीय टीम प्रबंधन पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम संयोजन पर विचार कर रहा होगा और ऐसे में 73 साल के पूर्व महान बल्लेबाज गावस्कर का मानना है कि दोनों को अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। गावस्कर के स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव से कहा, अगर वे छह गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला करते हैं और हार्दिक पंड्या छठा गेंदबाज होता है तो फिर पंत को शायद टीम में जगह नहीं मिले। उन्होंने कहा, लेकिन अगर वे हादिक पंड्या को पांचवें गेंदबाज के रूप में उतारने का फैसला करते हैं तो ऋषभ पंत के पास छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने का मौका होगा और कार्तिक सातवें नंबर पर आ सकता है जिसके बाद चार गेंदबाज उतरेंगे। ऐसा हो सकता है, लेकिन इसके लिए हमें इंतजार करना होगा। गावस्कर ने कहा, वे निश्चित तौर पर टीम में बाएं हाथ के बल्लेबाज को शामिल करना चाहेंगे जो इतनी अच्छी फॉर्म में है। कभी-कभी आप अपने आप से पूछ सकते हैं कि ऋषभ पंत को कितने ओवर खेलने को मिलेंगे? उन्होंने कहा, क्या उन्हें तीन या चार ओवर खेलने को मिलेंगे? तीन या चार ओवर, क्या कार्तिक या ऋषभ बल्लेबाज हैं? ए सभी हालात हैं जिन पर उन्हें गौर करना है और फैसला करना है। गावस्कर ने पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के संदर्भ में कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में देखकर लगा कि उन्होंने पूर्ण फि टने स हासिल कर ली है।



टी20 विश्व कप | भारत को जसप्रीत बुमराह के बाहर होने के कारण इसकी कमी खलेगी।

# रफ्तार के सौदागरों पर टी20 विश्व कप में रहेंगी नजरें

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

आस्ट्रेलिया की धीमी पिचों पर टी20 विश्व कप के मुख्य दौर में तेज गेंदबाजों की तूती बोलेगी और वे अपने टीम के लिए एक्स फैक्टर साबित हो सकते हैं। हम ऐसे पांच तेज गेंदबाजों पर नजर डालते हैं जो अपने दम पर मैच जिता सकते हैं। भारत को जसप्रीत बुमराह के बाहर होने के कारण इसकी कमी खलेगी। अभ्यास मैचों में मोहम्मद शमी के शानदार प्रदर्शन के बावजूद गेंदबाजी ईकाई में वह आत्मविश्वास नजर नहीं आ रहा।

**: शाहीन शाह अफरीदी (पाकिस्तान)**

विश्व क्रिकेट में रफ्तार के बाजीगर शाहीन शाह अफरीदी घुटने की चोट से उबरकर टीम में लौटे हैं। उन्होंने




जिस अंदाज में अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को पगबाधा आउट किया, उससे दूसरी टीमों के लिए खतरे की घंटी बज गई है।

भारत के खिलाफ पिछले टी20 मुकाबले में शाहीन ने पहले ही स्पैल में मैच का फैसला कर दिया था। उनके पास रफ्तार के साथ स्विंग भी है। भारत के पास शीर्षक्रम में तीन विश्व स्तरीय दाहिने हाथ के बल्लेबाज हैं लेकिन पलड़ा शाहीन का भारी दिख रहा है।

**: जोश हेजलवुड (आस्ट्रेलिया)**

पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क जैसे सितारों के बीच जोश हेजलवुड आस्ट्रेलियाइ टीम के छिपे रूस्तम हैं।उनकी गेंदबाजी में गजब का अनुशासन है। रफ्तार के मामले में भले ही वह उन्नीस हों लेकिन बल्लेबाजों को परेशान करने का हुनर उन्हें बखूबी आता है।

अब तक इस प्रारूप में 37 मैचों में वह 7 . 62 की इकॉनामी रेट से 53 विकेट ले चुके हैं।

**: लॉकी फर्ग्युसन (न्यूजीलैंड)**

लॉकी टी20 प्रारूप के सबसे शानदार गेंदबाजों में से है। उनके पास आक्रामकता, रफ्तार और विविधता सब कुछ है। उनके पास अतिरिक्त रफ्तार भी है जिसका सामना करना बल्लेबाजों के लिए काफी मुश्किल होता है। शॉर्ट गेंदों में उनके पास इतनी विविधता है कि धुरंधर भी चकमा खा जाए। अब तक 21 टी20 मैचों में उन्होंने सिर्फ 6 . 84 की इकॉनामी रेट से रन दिए हैं। वह भारत की सपाट पिचों पर आईपीएल चैम्पियन गुजरात टाइटंस के लिए शानदार गेंदबाजी करने में कामयाब रहे हैं।

**: मार्क वुड (इंग्लैंड)**

मार्क वुड ने पिछले महीने कराची में नेशनल स्टेडियम की सपाट पिच पर 156 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद डाली थी। उनकी रफ्तार बड़े बड़े सूरमा बल्लेबाजों को भयाक्रांत करने के लिए काफी है।उन्होंने हर 14 गेंद पर विकेट लिया है जो उनकी सबसे बड़ी खासियत है।

**: राशिद खान (अफगानिस्तान)**

क्रिकेट को अलविदा कहने से पहले राशिद खान शायद टी20 गेंदबाजी के तमाम रिकॉर्ड तोड़ डालेंगे। अफगानिस्तान के लिए सबसे उपयोगी खिलाड़ी राशिद इस प्रारूप में दुनिया भर में 20 से अधिक टीमों के लिए फिरकी का जलवा दिखा चुके हैं।उन्होंने 71 मैचों में 6 . 5 की इकॉनामी रेट से 118 विकेट लिए हैं।

## हीली आस्ट्रेलिया की उप कप्तान, कर सकती है भारत दौरे पर टीम की अगुआई

**सिडनी।** एलिसा हीली को गुरूवार को आस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम का उप कप्तान नियुक्त किया गया और इस स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज के दिसंबर में भारत दौरे पर टीम की अगुआई की संभावना है। राशेल हेन्स ने पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था जिससे हीली को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। विश्व कप विजेता कप्तान मेग लैनिंग अब भी अपने अनिश्चित ब्रेक पर हैं तो हीली को टीम के आगामी दौरों पर कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। इन दौरों में भारत में पांच टी20 मैच भी शामिल हैं, इनके अलावा टीम को पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खेलनी है और अगले साल दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप भी है। लैनिंग ने खुद पर ध्यान देने के लिए राष्ट्रमंडल खेलों में आस्ट्रेलिया को सफलता दिलाने के बाद अनिश्चित समय के लिए ब्रेक ले लिया था।

**ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन**



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली के तुगलकाबाद में एमसीडी के तहखंड अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना भी उपस्थित थे।

# पीएम नरेंद्र मोदी कल लॉन्च करेंगे रोजगार मेला

## 10 लाख कर्मियों के नियुक्ति अभियान की होगी शुरुआत, 75 हजार युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 10 लाख कर्मियों के लिए नियुक्ति अभियान की शुरुआत करेंगे। इस अभियान को रोजगार मेले का नाम दिया गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री 75,000 नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में गुरुवार को यह जानकारी दी। उसके मुताबिक प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से युवाओं को संबोधित भी करेंगे। पीएमओ ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने और नागरिकों का कल्याण सुनिश्चित करने की प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

प्रधानमंत्री ने इसी साल जून महीने में सरकार के विभिन्न मंत्रालयों व विभागों को निर्देश दिया था कि वे मिशन मोड से 10 लाख पदों पर भर्तियां करें। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश के मुताबिक सभी मंत्रालय व विभाग स्वीकृत पदों के बरक्स मौजूदा रिक्तियों को भरने की दिशा में मिशन मोड में काम कर रहे हैं। जिन युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा, उनमें देश भर के युवा शामिल हैं। ये भारत सरकार के 38 विभागों और मंत्रालयों में समूह ए (राजपत्रित), समूह बी (गैर-राजपत्रित) और समूह सी में नियुक्त किए जाएंगे। इनके अलावा जिन पदों पर नियुक्तियां की जा रही हैं, उनमें केंद्रीय सशस्त्र बल कार्मिक, उप निरीक्षक, कांस्टेबल, एलडीसी, स्टेनो, पीए, आयकर निरीक्षक, एमटीएस आदि शामिल हैं।

पीएमओ ने कहा कि इन नियुक्तियों को मंत्रालयों व विभागों द्वारा खुद से या नियुक्ति एजेंसियों के माध्यम से मिशन मोड में किया जा रहा है। इन एजेंसियों में संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग और रेलवे भर्ती बोर्ड शामिल है। पीएमओ ने बताया कि तेज गति से नियुक्ति के लिए चयन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और प्रौद्योगिकी से लैस किया गया है।

### मुलायम सिंह यादव के लिए शांति पाठ व हवन आज

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन से सभी शोकाकुल हैं। सपा के पूर्व प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह ने उनकी स्मृतियों को नमन करने, सहेजने तथा संजोने के लिए शुक्रवार को संगम तट प्रयागराज पर दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय यादव की स्मृतियों को सहेजने शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जो संगम तट बंधवा हनुमान मंदिर के पास होगा। इसके अंतर्गत 12 से 1 बजे तक शांति पाठ, 1 से 2 बजे तक हवन, 2 से 3 बजे तक भजन एवं 3 से 5 बजे तक शांति सहभोज आयोजित किया गया है इसमें हजारों लोग शामिल होंगे। मुलायम सिंह यादव का प्रयागराज से विशेष लगाव था। वह वर्ष में कई बार आते थे और लोगों से मिलते थे। वह माघ मेला, अर्धकुंभ और कुंभ मेला जैसे आयोजनों को शानदार तरीके से संपन्न कराते थे।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव 2022 संपन्न

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव 2022 का आयोजन जिला पंचायत परिसर सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि दिनेश उपाध्याय, प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। केंद्र की जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय द्वारा केंद्र की गतिविधियों व कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 6 गतिविधियां युवा भाषण, युवा संवाद, युवा कलाकृति - पेंटिंग, मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता, काव्य लेखन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। निर्णायक मंडली सदस्यों डॉक्टर मंजू सिंह, चित्रा पांडेय, वंदना पांडेय, कमलेश दुबे, मानस सांकृत्यायन, ओम प्रकाश मिश्र, चंद्रमणि मिश्र, महेश द्विवेदी, रमाशंकर शुक्ला, राजेंद्र त्रिपाठी, डॉ. संगीता, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, प्रो. संतोष, बृजेश पाठक एवं किंजल, शरद मालवीय ने अलग अलग विधाओं पर अंक प्रदान करते हुए विजेता घोषित किए।

### बृहद रोजगार मेले में 1180 अभ्यर्थियों का चयन

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** गुरुवार को प्रयागराज में वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी ने दीप प्रज्वलित कर के मेले का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि विधायक पीयूष रंजन निषाद, विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी, व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास के प्रमुख सचिव सुभाष चंद शर्मा की उपस्थिति में मेले का आयोजन हुआ। बृहद रोजगार मेले में लगभग 36 कंपनियां ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडे, नंदकिशोर, पार्षद दीपू जयसवाल द्वारा अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित किया गया। इसमें लगभग 2500 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 1180 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। डॉ. रीता बहुगुणा जोशी, विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी, विधायक पियूष रंजन निषाद, और प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा द्वारा टैबलेट और नियुक्ति पत्र, प्रशस्ति पत्र बांटे गए।

### आज का इतिहास

- 1296 : अलाउद्दीन खिलजी ने दिल्ली की गद्दी संभाली।
- 1555 : इंग्लैंड की संसद ने फिलिप को स्पेन के राजा के रूप मे मानने से मना किया।
- 1577 : गुरु रामदास ने अमृतसर नगर की स्थापना की।
- 1727 : रूस और चीन ने सीमाओं को सही करने के लिए समझौते किए।
- 1931 : प्रसिद्ध हिन्दी फिल्म अभिनेता शम्मी कपूर का जन्म।
- 1934 : जयप्रकाश नारायण ने कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का गठन किया।
- 1945 : फ्रांस में महिलाओं को पहली बार वोट करने का अधिकार मिला।
- 1950 : चीन ने तिब्बत पर अपना प्रभुत्व जमा लिया।
- 1951 : भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई।
- 1959 : चीन और भारत की सेनाओं में भिडंत।
- 1990 : दूरदर्शन ने दोपहर की हिंदी एवं अंग्रेजी समाचार ब्लूटेन सेवाएं आरंभ कीं।

## लखनऊ कोर्ट में पेशी पर आए अतीक अहमद ने की सीएम योगी की तारीफ



**लखनऊ (ब्यूरो)।** बाहुबली पूर्व सांसद अतीक अहमद लखनऊ के एंटी करपशन कोर्ट में गुरुवार को पेश हुए। अतीक अहमद प्रयागराज मे शहर पशिचमी के बसपा विधायक राजूपाल हत्याकांड मे आरोपी है। अतीक अहमद पर हत्या और अपराधिक साजिश की धाराओं में आरोप तय हो गए है, अब 3 नवंबर को अतीक अहमद की पुनः पेशी होगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बुधवार रात अतीक अहमद की गुजरात के साबरमती जेल से लखनऊ लाया गया था तथा गुरुवार को भारी सुरक्षा के बीच लखनऊ के एंटी करपशन कोर्ट मे पेश किया गया। बीते दो वर्षों से अतीक अहमद गुजरात के साबरमती जेल मे बंद थे, दो साल बाद पहली बार पेशी पर लाए गए अतीक अहमद के साथ उनका भाई अशरफ भी आरोपी है। कोर्ट पहुंचे अतीक अहमद ने अपने समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। मीडिया के एक सवाल के जवाब देते हुए अतीक अहमद ने कहा कि योगी आदित्य नाथ बहुत बहादुर और ईमानदार मुख्यमंत्री है। अच्छा काम कर रहे हैं।

## पटाखा बैन पर बोला सुप्रीम कोर्ट, लोगों को सांस लेने दें, दी मिठाई पर खर्च की सलाह



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली में पटाखों पर लगी संपूर्ण रोक को चुनौती देते हुए दायर की गई याचिका पर तुरंत सुनवाई की मांग को सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया। कोर्ट ने इस दौरान कहा कि लोगों को साफ हवा में सांस लेने दें और अपने पैसे मिठाइयों पर खर्च करें। इससे पहले गुरुवार को ही दिल्ली हाईकोर्ट ने भी दिल्ली पलूशन कंट्रोल कमेटी (डीपीसीसी) के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर यह कहते हुए सुनवाई से इंकार कर दिया कि मुद्दा अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।

पटाखा विक्रेताओं ने सुप्रीम कोर्ट से पटाखों पर लगे प्रतिबंध के मुद्दे पर तुरंत सुनवाई की मांग की थी। पटाखा विक्रेता इस बैन से व्यापार को नुकसान की दलील दे रहे हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण का हवाला देते हुए उनकी दलील को खारिज कर दिया है और कहा है कि इस पर अर्जेंट सुनवाई की आवश्यकता नहीं है। इससे पहले हाईकोर्ट में दो व्यापारियों ने अपनी याचिका में जोर देकर कहा था कि डीपीसीसी द्वारा 14 सितंबर को लगाया गया आखिरी मिनट का प्रतिबंध मनमाना और अवैध है और उनकी आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। व्यापारियों का कहना था कि उच्च न्यायालय ग्रीन पटाखों की बिक्री की अनुमति दे। एक दिन पहले ही दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा था कि राजधानी में पटाखों का उत्पादन, भंडारण और बिक्री सजा योग्य अपराध है। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर 5000 हजार रुपए जुर्माना और 3 साल तक जेल की सजा हो सकती है। दिल्ली में पटाखा खरीदने और आतिशबाजी करने पर भी रोक है। इसका उल्लंघन करते हुए पकड़े जाने पर 200 रुपए जुर्माना और 6 महीने जेल की सजा का प्रवधान किया गया है। दिल्ली में ठंड की शुरुआत के साथ हवा की गुणवत्ता खराब होने की दलील के साथ दिल्ली सरकार ने आतिशबाजी पर संपूर्ण रोक का ऐलान किया है।

### आतंक का रहनुमा बन रहा है चीन

## छह माह में पांच आतंकी बचाए मुंबई हमले का दोषी भी शामिल

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



चीन ने एक बार फिर से आतंकवाद पर लगाम कसने की भारत की कोशिशों पर अड़ंगा लगाया है। उसने पाकिस्तानी आतंकी हाफिज तल्हा सईद को यूएन से ब्लैकलिस्ट कराने के प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया है। सुरक्षा परिषद में बीते 6 महीनों में यह 5वां मौका है, जब चीन ने इस तरह से प्रस्ताव को गिराया है। संयुक्त राष्ट्र में सालों से अमेरिका का समर्थन हासिल करने के बाद भी भारत को इस तरह चीन से झटका झेलना पड़ा है, लेकिन पिछले 6 महीनों में ऐसा 5 बार हुआ है और ड्रैगन ने हाफिज सईद के बेटे समेत कई खूंखार आतंकवादियों को बचाया है।

**मक्की पर भी चीन ने की थी मक्कारी :** अब्दुल रहमान मक्की हाफिज सईद का रिश्ते में साला लगता है। अमेरिका की ओर से उसे आतंकवादी घोषित किया गया था, लेकिन चीन ने उसे भी ब्लैकलिस्ट करने की कोशिशों को आखिरी वक्त में रोक दिया था। मक्की जमात उद दावा का दूसरे नंबर का सरगना है। यही नहीं कहा तो यहां तक जाता है कि हाफिज सईद इन दिनों बीमार है और मक्की ही आतंकी कारनामों को अंजाम दे रहा है। अमेरिका का दावा है कि मक्की लश्करे तैयबा के ट्रेनिंग कैंपो को फंड करता है। साल 2007 में मक्की ने ऐसे ही एक ट्रेनिंग कैंप को करीब ढाई लाख अमेरिका डॉलर दिए थे। इसी साल अगस्त में चीन ने जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन के सरगना अब्दुल राउफ अजहर पर पाबंदी लगाने के प्रस्ताव पर भी रोक लगा दी थी। अजहर को अमेरिका ने 2010 में आतंकवादी घोषित कर दिया था। उस पर पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगता रहा है। जैश का भारत का सरगना भी अजहर रहा था। ऐसे में अमेरिका और भारत दोनों की ही उस पर बैन लगाने में दिलचस्पी थी।

### खूंखार हाफिज सईद का बेटा तल्हा

हाफिज तल्हा सईद आतंकी संगठन लश्कर के सरगना हाफिज सईद का बेटा है। सईद पर मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड होने का आरोप है। फिलहाल इसी को ब्लैकलिस्ट करने की कोशिश पर चीन ने पलीता लगाया है। चीन ने सईद को संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद की 1297 अल क़ायदा प्रतिबंध कमेटी के तहत ब्लैकलिस्ट करने के प्रस्ताव को पास नहीं होने दिया है। बीते दो दिनों में दूसरी बार चीन ने भारत और अमेरिका के किसी व्यक्ति को ग्लोबल टेररिस्ट की सूची में शामिल करने के प्रयास को नाकाम किया है। इस पर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चीन के रवैए पर सवाल उठाया है।

### शाहिद महमूद को भी बचा चुका है चीन

अमेरिका के वित्त विभाग की ओर से दिसंबर दिसंबर 2016 में महमूद और लश्कर के एक अन्य सरगना मोहम्मद सरवर को आतंकवादी घोषित कर दिया था। महमूद पर टेरर फंडिंग के आरोप रहे हैं। उसने लश्कर-ए-तैयबा के लिए फंडिंग की थी। उसकी फाइनेंसियल विंग फलाह-ए-इंसानियात फाउडेंशन का वह वाइस चैयरमेन रहा है। अमेरिका के मुताबिक अगस्त 2013 में महमूद की पहचान लश्कर के पब्लिकेशन विंग के सदस्य के तौर पर हुई थी। इससे पहले वो लश्कर के विदेशी ऑपरेशन के प्रमुख साजिद मीर की टीम से जुड़ा था। महमूद ने माना था कि लश्कर का मकसद भारत और अमेरिका पर अटैक करना है।

## रूस ने माना पाक के कब्जे वाले कश्मीर को भारत का हिस्सा



**मॉस्को, (एजेंसी)।** रूस ने भी जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न हिस्सा माना है। रूसी सरकार द्वारा जारी किए गए एससीओ सदस्य देशों के नक्शे ने यह साबित कर दिखाया है। रूसी समचार एजेंसी स्पुतनिक के मुताबिक, जारी किए गए नक्शे में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन के साथ-साथ पूरे अरुणाचल प्रदेश को भारत के हिस्से के रूप में दिखाया गया है। पाकिस्तान और चीन के एससीओ के सदस्य देश होने के बावजूद मॉस्को ने यह कदम उठाया है।

**नक्शा देख बौखलाएंगे चीन और पाकिस्तान**

इस मानचित्र ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और एससीओ के भीतर जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर भारत पक्ष को और मजबूत किया है। आपको बता दें कि हाल ही में अमेरिकी राजदूत ने हाल ही में पीओके की यात्रा की थी। उन्होंने इस इलाके को आजाद कश्मीर कहा था। जर्मन विदेश मंत्री ने भी हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर विवाद को सुलझाने में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका का सुझाव दिया था।

चीन ने हाल ही में एससीओ के लिए जारी किए गए मैप में भारत के कुछ इलाकों को अपने इलाके के हिस्से के तौर पर दिखाकर अपनी विस्तारवाद की नीति को परिभाषित किया था। एक सरकारी सूत्र ने कहा कि एससीओ के संस्थापक सदस्यों में से एक रूस द्वारा भारत के नक्शे के सही चित्रण ने सीधे रिकॉर्ड स्थापित किया है। सोवियत संघ और रूस ने 1947 से कश्मीर पर भारत का समर्थन किया है और भारत विरोधी प्रस्तावों को अवरुद्ध करने के लिए यूएनएससी में वीटो का इस्तेमाल किया है। मॉस्को ने बार-बार कहा है कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच एक द्विपक्षीय मुद्दा है, जिससे विवाद के किसी भी अंतर्राष्ट्रीयकरण को रोका जा सकता है।

### लद्दाख में टिपर गिरने से दो की मौत, 10 घायल

**लेह, (एजेंसी)।** लद्दाख में बुधवार को सड़क निर्माण के दौरान 12 लोगों के साथ एक टिपर गिर गया, जिसमें दो की मौत हो गई, जबकि अन्य घायल हो गए। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। यह हादसा लद्दाख के समोसा-सासेर ला इलाके में हुआ। रक्षा अधिकारी ने घटना की पुष्टि की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख के ससोमा-सासेर ला इलाके में टिपर की घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। रक्षा मंत्री ने ट्वीट करके कहा कि लद्दाख के ससोमा-ससेर ला इलाके में एक टिपर के गिरने से हुई मौत से बेहद आहत हूं। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों को जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। लद्दाख क्षेत्र में बुधवार सड़क निर्माण कार्य के दौरान हादसे का शिकार हुए सभी मजदूर थे। सभी ग्रेफ द्वारा करवाए जा रहे सड़क निर्माण के लिए टिपर जा रहे थे, लेकिन तभी ससोमा-ससेर ला इलाके के पास दुर्घटना हो गई।

## दक्षिण एशिया में भारत ही ला सकता है स्थिरता एवं शांति

### अमेरिकी सैन्य अधिकारी ने की जमकर तारीफ



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** अमेरिका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने कहा है कि दक्षिण एशिया में शांति स्थापित करने और विकास सुनिश्चित करने के लिए भारत की बहुत आवश्यकता है। दोनों देशों में संयुक्त अभ्यास के बीच उन्होंने यह बात कही। मेजर जनरल क्रिस्टोफर मैकफिलिप यूए इंडो-पसिफिक कमांड के स्ट्रैटजिक प्लानिंग डायरेक्टर हैं। भारत के पूर्वी नेवल कमांड विशाखापट्टनम में टाइगर ट्रंप अभ्यास के दौरान उन्होंने भारत की जमकर तारीफ की।

यह अभ्यास आपदा के दौरान लोगों की मदद करने के उद्देश्य से हो रहा था। इसमें भारत और अमेरिका के सैन्य रणनीतिकार और प्रतिनिधि शामिल हुए। मैकफिलिप ने कहा कि पूरे दक्षिण एशिया में स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत बहुत बड़ा सहयोगी है। मानवीय सहायता के लिए भारत जिस तरह से तैयारी करता है और हमेशा दूसरों की मदद को तैयार रहता है, यह काबिल-ए-तारीफ है। क्षेत्र में आपदा से राहत और बचाव के लिए यह अभ्यास भारत और अमेरिका के बीच दूसरा था। इससे पहले नवंबर 2019 में विशाखापट्टनम में ऐसा ही अभ्यास कराया गया था, जिसमें अमेरिका के 500 नौसैनिक शामिल हुए थे। इसमें भारत के 1200 सेलर, सैनिक और एयरमैन शामिल थे। इस साल के अभ्यास में 50 प्रतिभागी थी। इसका उद्देश्य स्टाफ प्लानिंग की तैयारी करना था।

हैदराबाद में यूएस के कॉन्सुल जनरल जेनिफर लारसन ने कहा कि टाइगर ट्रंप इस बात का प्रमाण है कि भारत और अमेरिका कैसे इंडो पसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते अब आपदाएं बढ़ गई हैं। अमेरिका जानता है कि भारत ही ऐसा देश है, जो कि आसपास के देशों की मदद कर सकता है। हम चाहते हैं कि हमारे बीच सहयोग और मजबूत हो और हम इस क्षेत्र में सुरक्षा के लिए योगदान दे सकें।

**सियासत**

### मल्लिकार्जुन खड़गे की बुजुर्ग और युवा बढ़ाएंगे परेशानी

## आसान नहीं है नए कांग्रेस अध्यक्ष की राह

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनाव में जीत हासिल कर कांग्रेस अध्यक्ष की कुर्सी संभाल ली है। 80 साल के मल्लिकार्जुन खड़गे दलित बिरादरी से आते हैं और गांधी परिवार के वफादार हैं। कांग्रेस ने उनमें वोटबैंक और हाईकमान से करीबी जैसी दो खूबियां देखते हुए अध्यक्ष पद सौंपा है, लेकिन सवाल यह है कि क्या कांग्रेस के लिए यह भी एक व्यवस्था ही है या फिर बदलाव की कोई शुरुआत मल्लिकार्जुन खड़गे कर पाएंगे? इसका जवाब दे पाना कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। इसकी वजह यह है कि मल्लिकार्जुन खड़गे खुद कोई बड़ा जनाधार नहीं रखते हैं और केंद्र की राजनीति में भी उनका ऐसा कद नहीं रहा है कि तमाम वरिष्ठ नेता आसानी से उनको फॉलो करें।

इसके अलावा युवा नेताओं से संवाद स्थापित कर पाना भी उनके लिए आसान नहीं होगा। मल्लिकार्जुन खड़गे को अध्यक्ष बनाए जाने से उदयपुर में पारित प्रस्तावों पर भी सवाल खड़े किए हुए हैं। तब कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में कहा गया था कि युवाओं को मौका दिया जाएगा, लेकिन खड़गे को अध्यक्ष बनाने से इस पर प्रश्न चिह्न लगा है। यही नहीं वर्किंग कमेटी की औसत आयु भी 68 साल है, जिसमें 50 साल से कम की उम्र का कोई भी नेता शामिल नहीं है। इसलिए कांग्रेस की रणनीति पर भी पलीता लगता दिख रहा है। बिना युवाओं को जोड़े कांग्रेस खड़गे के भरोसे अपनी उम्मीदों को परवान चढ़ा पाएगी।

### सत्ता के दो केंद्र होंगे, कैसे स्थापित हो पाएंगे खड़गे

भले ही मल्लिकार्जुन खड़गे की लीडरशिप में राहुल गांधी ने काम करने की बात कही है। उनका कहना है कि खड़गे ही उनका काम तय करेंगे। इस तरह गांधी परिवार ने खड़गे को स्थापित करने की कोशिश की है, लेकिन कांग्रेस में गांधी परिवार की हैसियत बैकसीट पर होने के बाद भी कम नहीं है। इसे इस बात से भी समझ सकते हैं कि अध्यक्ष के चुनाव में राहुल गांधी की उम्मीदवारी न होने के बाद भी कुछ लोग बैलेट पेपर पर उनका ही नाम लिख आए। ऐसे में खड़गे की अध्यक्षता के बाद भी गांधी परिवार सत्ता का केंद्र पहले की तरह बना रहेगा। ऐसे में अध्यक्ष के तौर पर उनके हाथ पूरी ताकत नहीं होगी। इस तरह सत्ता के दो केंद्र बनना पार्टी के कामकाज पर बुरा असर डाल सकता है। इससे भी बड़ी मुश्किल मल्लिकार्जुन खड़गे के आगे यह होगी कि वह राज्यों के क्षत्रपों को कैसे संभालें? जो अशोक गहलोत सोनिया गांधी तक को आंख दिखा चुके हैं, उनसे मल्लिकार्जुन खड़गे कैसे डील करेंगे?

## ज्योति हत्याकांड में आठ साल बाद पति समेत छह दोषी करार

**कानपुर, (एजेंसी)।** यूपी के कानपुर शहर में 2014 में चर्चित हाईप्रोफाइल ज्योति हत्याकांड सामने आया था, जिसमें गहरी साजिश रचकर ज्योति के पति ने अपनी प्रेमिका के साथ मिलकर ज्योति के अपहरण की साजिश रच उसकी हत्या करवा दी थी। अब 8 साल बाद कानपुर न्यायालय में इसका फैसला आया। कोर्ट ने ज्योति के पति पीयूष, उसकी प्रेमिका मनीषा समेत छह लोगों को दोषी करार दिया है। मामले में शुक्रवार को कोर्ट दोषियों को सजा सुनाएगी।

**न्यायालय आज सुनाएगा सजा**

यह पूरा मामला इस तरह से रचा गया था कि पीयूष अपनी पत्नी ज्योति को लेकर रात को घूमने निकला था और हाईवे पर गाड़ी रोक कर कुछ लोगों ने उसे घेर लिया और उसकी पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पीयूष उसके बाद पुलिस के पास पहुंचा और पूरी कहानी सुनाई, लेकिन पूरे मामले में जैसे-जैसे खुलासा हुआ तो इस पूरी घटना को रचने वाला ज्योति का पति पीयूष ही निकला जिसमें उसकी प्रेमिका मनीषा भी शामिल थी। लगातार इस मामले में गवाह के बयान सबूत पेश किए गए और आप 8 साल में न्यायालय ने पीयूष और उसकी प्रेमिका मनीषा समेत छह लोगों को दोषी करार दिया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162) सहायक सम्पादक : प्रमोद कुमार शुक्ल (मो. 9450497420)।** इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।